मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित

# उत्तरशक्ति

हिन्दी दैनिक

मुंबई
वर्षः 8 अंक 84
शनिवार, 04 अक्टूबर 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

हर खबर निष्पक्षता के साथ

## जनसांख्यिकीय बदलाव सामाजिक सद्भाव के लिए घुसपैठ से भी बड़ा खतरा : प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली, 03 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगाह किया कि जनसांख्यिकीय बदलाव वर्तमान में देश के सामाजिक सद्भाव के लिए घुसपैठ से भी बड़ा खतरा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा हमेशा विविधता में एकता में निहित रही है और आगाह किया कि यदि यह सिद्धांत टूट गया तो देश की ताकत कम हो जाएगी।

मोदी ने अपने 15 अगस्त के भाषण और बहनों-बेटियों को निशाना बनाकर युवाओं की आजीविका छीनने वाले घुसपैठियों से भारतीय नागरिकों की रक्षा के अपने जनसांख्यिकीय मिशन की घोषणा का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, आज सामाजिक सद्भाव को घुसपैठियों से अधिक खतरा जनसांख्यिकी बदलाव के षडयंत्रों से है, जिसका सीधा असर आंतरिक सुरक्षा और भविष्य की शांति पर पड़ता है। भारत आज ऐसी चुनौतियों का सामना कर रहा है जो सीधे तौर पर उसकी एकता, संस्कृति और सुरक्षा को निशाना बना रही हैं।

मोदी ने कहा कि आरएसएस ने सामाजिक सद्भाव को हमेशा प्राथमिकता दी है तथा सामाजिक समरसता को हाशिए पर मौजूद लोगों को प्राथमिकता देकर सामाजिक न्याय स्थापित करने और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के रूप में परिभाषित किया है।



उन्होंने कहा, आज राष्ट्र ऐसी चुनौतियों का सामना कर रहा है जो सीधे तौर पर उसकी एकता, संस्कृति और सुरक्षा को निशाना बना रही हैं- अलगाववादी विचारधाराओं और क्षेत्रवाद से लेकर जाति और पर विवाद तक तथा बाहरी ताकतों द्वारा भड़काई गई विभाजनकारी प्रवृत्तियां।मोदी ने भारत की आत्मा हमेशा विविधता में एकता में निहित रहने का उल्लेख किया और आगाह किया कि यदि इस सिद्धांत को तोड़ा गया, तो भारत की ताकत कम हो जाएगी। इसलिए, उन्होंने इस आधारभूत लोकाचार को निरंतर सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया है।

उन्होंने कहा, सामाजिक सद्भाव आज जनसांख्यिकीय बदलाव और घुसपैठ से गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है, जिसका सीधा असर आंतरिक सुरक्षा और भविष्य की शांति पर पड़ता है... इसी चिंता ने मुझे लाल किले से जनसांख्यिकी मिशन की घोषणा करने के लिए प्रेरित किया। मोदी ने इस खतरे का सामना करने के लिए सतर्कता और कड़ी कार्रवाई का भी आह्वान किया। शताब्दी समारोह का आयोजन संस्कृति मंत्रालय द्वारा किया गया और इसमें आरएसएस सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शामिल हुए।

## महाराष्ट्रः पिकनिक के दौरान अरब सागर में एक ही परिवार के 3 लोग डूबे, 4 अन्य लापता

**सिंधुदुर्ग , 03 अक्टूबर।** महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग ज़िले में शुक्रवार को एक ही परिवार के तीन सदस्य अरब सागर में डूब गए, जबकि चार अन्य लापता हो गए।

हादसे के समय पीड़ित पिकनिक मनाने गए थे। अधिकारियों ने खोज और बचाव अभियान शुरू कर दिया है, जबकि चार शव समुद्र से निकाले जा चुके हैं। यह घटना मुंबई से 490 किलोमीटर से अधिक दूर स्थित शिरोडा-वेलागर समुद्र तट पर शाम लगभग 4 बजे हुई।



पुलिस ने बताया कि एक परिवार के आठ सदस्य पिकनिक पर थे। उनमें से दो कुडाल (सिंधुदुर्ग) में रुके थे, जबकि छह अन्य बेलगाम (कर्नाटक के बेलगावी) से आए थे। वे सभी आठ तैरने के लिए समुद्र में उतरे। हालाँकि, कुछ ही देर बाद, पानी की गहराई का अंदाजा न लगा पाने के कारण वे डूबने लगे। सूचना मिलने के बाद, पुलिस और स्थानीय आपदा प्रबंधन टीमों ने बचाव अभियान शुरू किया। अधिकारी ने बताया कि तलाशी के दौरान तीन लोगों के शव बरामद हुए, जबकि चार अन्य अभी भी लापता हैं। बाकी चार लोगों की तलाश देर शाम तक जारी रही।

## दिल्ली की अदालत ने चैतन्यानंद सरस्वती को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली, 03 अक्टूबर।** दिल्ली की एक अदालत ने स्वयंभू बाबा चैतन्यानंद सरस्वती को शुक्रवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दिल्ली पुलिस ने उसे पांच दिन की पुलिस हिरासत अवधि पूरी होने के बाद पटियाला हाउस अदालत में न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिमेष कुमार के समक्ष पेश किया।



यहां एक निजी प्रबंधन संस्थान में 17 छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोपी चैतन्यानंद के लिए पुलिस ने न्यायिक हिरासत की मांग की थी। उनके वकील ने जब्ती मेमो और केस डायरी दिये जाने की मांग करते हुए एक आवेदन प्रस्तुत किया, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया।

अदालत ने पुलिस से अन्य आवेदनों पर जवाब मांगा, जिनमें भिक्षुओं के वस्त्र पहनने, दवाइयां और संन्यासी भोजन उपलब्ध कराने की मांग की गई थी। चैतन्यानंद (62) को 28 सितंबर को आगरा से गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले, पुलिस ने सरस्वती से जुड़े कई बैंक खातों और सावधि जमाओं में जमा आठ करोड़ रुपये जब्त कर लिए थे। प्राथमिकी के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम दिल्ली स्थित प्रबंधन संस्थान का पूर्व अध्यक्ष सरस्वती कथित तौर पर छात्राओं को देर रात अपने क्वार्टर में आने के लिए मजबूर करता था और उन्हें अनुचित समय पर अनुचित संदेश भेजता था। वह कथित तौर पर अपने फोन में लगे सीसीटीवी मॉनिटरिंग ऐप के जरिए छात्राओं की गतिविधियों पर नजर रखता था। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी ने कथित तौर पर विभिन्न नामों और विवरणों का इस्तेमाल कर कई बैंक खाते संचालित किए और उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने के बाद 50 लाख रुपये से अधिक की राशि निकाल ली।

## भूगोल से मिटा देंगे, अब संयम नहीं होगा, पाकिस्तान को सेना प्रमुख की सीधी धमकी

**नई दिल्ली, 03 अक्टूबर।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शुक्रवार को पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उसे वैश्विक मानचित्र पर बने रहना है, तो उसे भारत में आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करना होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारतीय सशस्त्र बल ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाए गए संयम को अब और नहीं दिखाएंगे, जिससे इस बार ज्यादा निर्णायक और सशक्त प्रतिक्रिया का संकेत मिलता है। इस बार हम ऑपरेशन सिंदूर 1.0 जैसा संयम नहीं रखेंगे। इस बार हम कुछ ऐसा करेंगे कि पाकिस्तान को सोचना पड़ेगा कि वो भूगोल में रहना चाहता है या नहीं। अगर पाकिस्तान भूगोल में रहना चाहता है, तो उसे राज्य प्रायोजित आतंकवाद रोकना होगा।



जनरल द्विवेदी ने सैनिकों की सैन्य तैयारियों का आकलन करने के लिए बीकानेर सैन्य स्टेशन सहित अग्रिम क्षेत्रों का दौरा किया। अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों, पूर्व सैनिकों, गणमान्य नागरिकों और सैनिकों से मुलाकात की। उन्होंने सेना के आधुनिकीकरण, युद्ध तैयारियों में सुधार, तकनीकी क्षमताओं को उन्नत करने और सैन्य उत्कृष्टता बनाए रखने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। सेना प्रमुख ने राष्ट्र निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए पूर्व सैनिकों लेफ्टिनेंट कर्नल हेम सिंह शेखावत (सेवानिवृत्त), लेफ्टिनेंट कर्नल बीरबल बिश्नोई (सेवानिवृत्त), रिसालदार भंवर सिंह (सेवानिवृत्त) और हवलदार नखत सिंह (सेवानिवृत्त) को भी सम्मानित किया।

वायुसेना दिवस से पहले, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करते हुए इसे दुनिया के लिए एक मिसाल बताया। प्रेस वार्ता के दौरान, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय वायुसेना ने अपनी लड़ाकू क्षमता को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाने के उद्देश्य से 2047 का रोडमैप तैयार किया है। ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बोलते हुए, उन्होंने जोर देकर कहा कि यह तीनों सशस्त्र सेनाओं के बीच प्रभावी समन्वय का प्रदर्शन करता है। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन ने इतिहास रच दिया है क्योंकि भारतीय सेना ने लगभग 300 किलोमीटर दूर स्थित लक्ष्यों पर सफलतापूर्वक प्रहार किया।

## पांच करोड़ रुपये मूल्य का 1,000 किलोग्राम से अधिक गांजा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**झुंझुनू , 03 अक्टूबर।** राजस्थान पुलिस के गैंगस्टर रोधी कार्यबल ने झुंझुनू जिला विशेष टीम के साथ मिलकर पांच करोड़ रुपये मूल्य का लगभग 1,000 किलोग्राम गांजा जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि प्रहार नामक यह अभियान बल को प्राप्त एक विशिष्ट खुफिया सूचना के आधार पर शुरू किया गया था, जिसके तहत ओडिशा से राजस्थान के शेखावाटी जाने वाली एक खेप पर नजर रखी गई थी।

तस्कर एक कंटेनर ट्रक में प्रतिबंधित सामान ले जा रहे थे और उन्होंने इसे चालक की सीट के पीछे एक विशेष रूप से निर्मित चैंबर में छुपा रखा था। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) दिनेश एमएन ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने झुंझुनू जिले के उदयपुरवाटी इलाके में नाकाबंदी की और वाहन को रोका।

वाहन की तलाशी लेने पर पुलिस को 1,014 किलोग्राम गांजे की बोरियां बरामद हुईं। अधिकारियों ने बताया कि यह खेप शेखावाटी में मादक पदार्थों केमाफिया राजू पचलेंगी और गोकुल के लिए थी।

तस्करी नेटवर्क के दो प्रमुख सदस्यों को मौके से गिरफ्तार किया गया। उनकी पहचान सीकर निवासी सुभाष गुर्जर और प्रमोद गुर्जर के रूप में हुई। एडीजी ने कहा, यह सिर्फ जब्ती नहीं है, बल्कि मादक पदार्थों के संगठित कार्टेल के आपूर्ति नेटवर्क पर सर्जिकल स्ट्राइक है।

आर के मीडिया
हिन्दी दैनिक न्यूज पेपर, साप्ताहिक न्यूज पेपर, हिन्दी मासिक पत्रिका का पेज बनबाने के लिए
सम्पर्क करेः 9199355950

## पन्ना में प्रतिमा विसर्जन यात्रा में एक वाहन के घुसने से दो लोगों की मौत,चालक गिरफ्तार

**पन्ना।** मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन यात्रा में एक वाहन (एसयूवी) के घुसने से दो लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना बृहस्पतिवार रात लगभग साढ़े आठ बजे पन्ना के पवई इलाके में हुई। हादसे के बाद एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल) चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। कटनी जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा ने कहा, दुर्घटना में घायल हुए 14 लोगों को अस्पताल लाया गया।






# स्वदेशी एवं स्वावलम्बन ही नये भारत का आधार


-ललित गर्ग

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना महोत्सव यानी प्रत्येक वर्ष विजयदशमी के अवसर पर संघ प्रमुख का उद्बोधन एक नए संदेश और नये दृष्टिकोण के साथ सामने आता है, इस उद्बोधन का पूरा राष्ट्र इंतजार करता है। इस बार संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कई ऐसी बातें कहीं, जो सरकार के साथ समाज के लोगों का ध्यान खींचने वाली हैं। इस पर आश्चर्य नहीं कि उन्होंने अपने संबोधन में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से भारत पर थोपे गए टैरिफ की भी चर्चा की। 50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ ने भारत के समक्ष जो कठिन चुनौती खड़ी कर दी है, उसका प्रभावी ढंग से सामना स्वदेशी और स्वावलंबन की राह पर चलकर ही किया जा सकता है। भागवत ने संबोधन में स्वदेशी और स्वावलंबन को नए भारत का आधार बताया है। उन्होंने कहा कि आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में परस्पर निर्भरता एक स्वाभाविक स्थिति है, लेकिन यह निर्भरता कभी भी बंधन या मजबूरी में परिवर्तित नहीं होनी चाहिए। भारत को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ना होगा ताकि विदेशी निर्णयों और नीतियों पर हमारी नियंत्रण क्षमता सीमित न हो जाए। उनका कहना था कि स्वदेशी का अर्थ यह नहीं है कि हम दुनिया से कट जाएं, बल्कि यह है कि हम अपनी शर्तों पर और अपनी आवश्यकताओं के अनुसार संबंध बनाएं।




संघ की स्थापना का यह अवसर केवल एक उत्सव मात्र नहीं था, बल्कि यह आयोजन भारत की आत्मा और उसके भविष्य की एक गहन घोषणा थी। भागवत ने स्पष्टता और गंभीरता से अपने विचार रखे, भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में एक नया क्षितिज भी उद्घाटित किया। यह आयोजन संघ के सौ वर्ष सम्पूर्ण की साधना का मूल्यांकन ही नहीं, बल्कि आने वाले सौ वर्षों की दिशा का भी उद्घोष था। नई इबारत लिखते हुए भागवत ने स्पष्ट कहा कि संघ की कार्यप्रणाली का सार है, नए मनुष्य एवं सशक्त-स्वावलम्बी भारत का निर्माण। यह विचार सुनने में सरल लग सकता है, किंतु इसके निहितार्थ अत्यंत गहरे हैं। समाज और राष्ट्र की सारी समस्याओं का मूल व्यक्ति के भीतर छिपा है। इसीलिए देश के सभी वर्गों को एकसूत्र में जोड़ने के संकल्प के साथ संघ आगे बढ़ेगा क्योंकि जब तक व्यक्ति का चरित्र, दृष्टि और आचरण नहीं बदलते, तब तक कोई भी व्यवस्था स्थायी रूप से परिवर्तित नहीं हो सकती। संघ व्यक्ति-निर्माण के माध्यम से समाज और राष्ट्र को बदलने की दीर्घकालिक साधना कर रहा है। यही कारण है कि संघ के कार्य का परिणाम केवल शाखाओं या कार्यक्रमों में नहीं मापा जा सकता, बल्कि उस अदृश्य लेकिन ठोस नैतिक शक्ति एवं सशक्त राष्ट्रीय भावना में देखा जा सकता है, जो धीरे-धीरे समाज की दिशा बदल रही है। भागवत ने स्पष्ट किया कि आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक दृष्टि तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, सांस्कृतिक और जीवन मूल्यों से भी जुड़ी हुई है। उन्होंने विविधता को भारत की विशेषता बताया और समाज में विभाजनकारी प्रवृत्तियों पर चेताया। उन्होंने पंच परिवर्तन की संकल्पना भी प्रस्तुत किया जिसमें आत्मजागरूकता, पारिवारिक मूल्य, नागरिक अनुशासन और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता को जोड़ा गया है। इस संदेश के सकारात्मक पक्ष अनेक हैं। यदि इसे गंभीरता से अपनाया जाए तो यह देश की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को नई दिशा दे सकता है। स्थानीय उद्योगों, हस्तशिल्प और कृषि को बढ़ावा देने से रोजगार का सृजन होगा और आर्थिक आत्मसम्मान मजबूत होगा। स्वदेशी पर बल देने से विदेशी निर्भरता घटेगी और देश की सुरक्षा व नीति संबंधी स्वतंत्रता बढ़ेगी। यदि समाज के स्तर पर भी इस सोच को अपनाया जाए तो उपभोक्तावाद के स्थान पर संवेदनशीलता और सेवा भाव विकसित होगा। विविधता के सम्मान और सामाजिक सद्भाव के आग्रह से राष्ट्र अधिक एकजुट और शक्तिशाली बन सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जिस आत्मनिर्भर भारत का आह्वान कर रहे हैं, उसका मूल उद्देश्य केवल आर्थिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं है। यह संदेश ऐसी घरेलू क्षमताओं को सशक्त बनाने, आयात पर निर्भरता घटाने और स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ विकास की दिशा को व्यापक सामाजिक सरोकारों से भी जोड़ता है, जिसमें महात्मा गांधी की स्वदेशी अपनाओ और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय की परिकल्पना स्पष्ट तौर पर समाहित है।

स्वदेशी और स्वावलंबन की राह पर चलकर ही नया भारत-सशक्त भारत का निर्माण किया जा सकता है। इस बात को सरकार भी रेखांकित कर चुकी है और अब संघ प्रमुख ने भी दोहरा दिया। यह समय की मांग है कि स्वदेशी और स्वावलंबन की राह पर तब तक बल दिया जाए, जब तक वांछित सफलता न मिल जाए। जहां सरकार को स्वदेशी की राह को आसान करना होगा, वहीं समाज को सहयोग देने के लिए तत्पर रहना होगा। इस उम्मीद में नहीं रहा जाना चाहिए कि अमेरिका के साथ शीघ्र ही आपसी व्यापार समझौता हो जाएगा। एक तो जब तक ऐसा हो न जाए तब तक चैन से नहीं बैठा जा सकता और दूसरे, यदि ऐसा हो जाए तो भी भारत को स्वदेशी और स्वावलंबन की राह पर चलना छोड़ना नहीं चाहिए। व्यापारिक साझेदारों पर निर्भरता लाचारी में नहीं बदलनी चाहिए। वास्तव में इस स्थिति से बचने का ही उपाय है स्वदेशी उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करना। परंतु इस संदेश के साथ कई चुनौतियाँ और सीमाएं भी जुड़ी हुई हैं। आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था इतनी आपस में गुँथी हुई है कि किसी भी देश का पूर्ण स्वावलंबन व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। अनेक तकनीकें और कच्चे माल अब भी हमें विदेशों से ही प्राप्त करने होते हैं। यदि स्वदेशी को बढ़ावा देने के नाम पर विदेशी व्यापार पर प्रतिबंध या अधिक शुल्क लगाए जाते हैं तो यह व्यापार युद्ध और आर्थिक तनाव को जन्म दे सकता है। इस संदेश की सफलता केवल भाषणों और भावनात्मक नारों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि ठोस नीतियों, बजट, शोध और योजनाओं के आधार पर इसे अमल में लाना होगा।

सामाजिक दृष्टि से भी यह आवश्यक है कि स्वदेशी और स्वावलंबन का नारा केवल एक सांस्कृतिक या राजनीतिक रंग में न ढल जाए। यह तभी कारगर होगा जब इसे हर वर्ग, हर धर्म और हर क्षेत्र का साझा लक्ष्य बनाया जाएगा। नागरिकों की आदतों और व्यवहार में बदलाव लाना आसान नहीं है, लेकिन यदि यह बदलाव शिक्षा, प्रोत्साहन और जनचेतना के माध्यम से लाया जाए तो यह नारा समाज में गहरी जड़ें जमा सकता है। संघ प्रमुख का यह संदेश एक ऐसे भारत की दिशा में प्रेरणा का स्रोत है। यह हमें बताता है कि हमें अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक शक्ति पर गर्व करना चाहिए, वैज्ञानिक और तकनीकी दृष्टि से सशक्त होना चाहिए और विश्व के साथ संवाद स्थापित करते हुए भी अपनी स्वायत्तता को बनाए रखना चाहिए। किंतु इसके लिए आलोचनात्मक विवेक, व्यावहारिक सोच और निरंतर समीक्षा की आवश्यकता है। आज विभिन्न देशों की परस्पर मित्रता का आधार अपने-अपने आर्थिक-कूटनीतिक हित हैं। इन स्थितियों में सर्वोत्तम उपाय स्वदेशी को बल देते हुए देश को आत्मनिर्भर बनाना है।

आज की वैश्विक परिस्थितियों पर दृष्टि डालें तो भागवत के विचार और भी प्रासंगिक हो उठते हैं। दुनिया हिंसा, आतंकवाद, युद्ध और उपभोक्तावाद की अंधी दौड़ से त्रस्त है। पर्यावरण संकट दिन-प्रतिदिन गंभीर होता जा रहा है। मानसिक तनाव और आत्मकेंद्रित जीवन-शैली ने मानव को भीतर से खोखला कर दिया है। इन परिस्थितियों में भारत ही वह देश है, जो एक वैकल्पिक जीवन-दर्शन दे सकता है। भारत के पास भौतिक विकास के साथ-साथ आध्यात्मिक समृद्धि की धरोहर है। यही धरोहर भारत को विश्वगुरु बनने की पात्रता प्रदान करती है। संघ की शताब्दी वर्ष की सम्पूर्णता का उद्घोष केवल संघ के स्वयंसेवकों के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश और विश्व के लिए एक संदेश है। यह संदेश है- स्वावलम्बी एवं स्वदेशी भावना को बदल देना, नए मनुष्य का निर्माण करना, गरीब को उठाना, धर्मों को जोड़ना, समाज में समरसता स्थापित करना और हिंदुत्व की व्यापक जीवन दृष्टि के आधार पर विश्व को दिशा देना। यह केवल भाषण नहीं, बल्कि एक संकल्प है।

# ट्रंप के कार्यकाल के पहले शटडाउन से अमेरिका में फिर ठप हो


अशोक भाटिया

अमेरिका एक बार फिर सरकारी गतिविधियों के ठप होने की कगार पर खड़ा है। सीनेट में रिपब्लिकन पार्टी ने अस्थायी फंडिंग विधेयक पास कराने की कोशिश की, लेकिन उन्हें 60 मतों की जरूरत थी, जबकि केवल 55 वोट ही मिले। इससे पहले, सत्ताधारी रिपब्लिकन पार्टी ने अल्पकालिक उपाय के रूप में ट्रंप प्रशासन को 21 नवंबर तक फंड उपलब्ध कराने के लिए सीनेट में अस्थायी फंडिंग बिल पेश किया था। लेकिन देर रात तक चलने वाली बहस के बाद यह प्रस्ताव असफल हो गया। सीनेट में रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स के बीच जोरदार विवाद देखने को मिला। आखिरकार, 100 सदस्यीय सीनेट में इसे पास कराने के लिए आवश्यक 60 वोट नहीं जुट सके और यह प्रस्ताव 55-45 के अंतर से गिर गया।परिणामस्वरूप यह बिल विफल हो गया और अब कई संघीय विभागों की गतिविधियां ठप होने की स्थिति में हैं। अमेरिकी कानून के अनुसार, बजट या अस्थायी फंडिंग बिल पास न होने पर ह्यगैर-जरूरीह्न सरकारी सेवाओं को रोकना अनिवार्य होता है।

रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को इस स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराया है। डेमोक्रेट्स चाहते थे कि स्वास्थ्य सेवा संबंधी मुद्दों को विधेयक में शामिल किया जाए। वे इस अस्थायी फंडिंग बिल में संशोधन करना चाहते हैं ताकि लाखों अमेरिकियों को स्वास्थ्य लाभ मिल सके, जबकि रिपब्लिकन का कहना है कि उन्हें इस मुद्दे से अलग से निपटना होगा।मंगलवार को अमेरिका को छह साल में पहली बार शटडाउन का सामना करना पड़ सकता है। डेमोक्रेट्स और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच मतभेदों ने फंडिंग बढ़ाने की आखिरी कोशिश को नाकाम कर दिया। सीनेटरों की यह कोशिश विफल रही कि फंडिंग जारी रहे और सरकार सामान्य रूप से काम करती रहे।

ज्ञात हो कि सरकारी शटडाउन तब होता है, जब कांग्रेस संघीय एजेंसियों को चलाने के लिए वार्षिक व्यय विधेयकों पर सहमत नहीं हो पाती। एंटीडेफिशिएंसी एक्ट एजेंसियों को बिना अनुमति के पैसा खर्च करने से रोकता है, इसलिए जब पैसा खत्म हो जाता है, तो सरकार का ज्यादातर काम भी बंद हो जाता है।अमेरिकी सरकार के अलग-अलग विभागों को चलाने के लिए भारी मात्रा में फंड की जरूरत होती है। इसके लिए संसद (कांग्रेस) से बजट या फंडिंग बिल पारित कराना जरूरी होता है। लेकिन जब राजनीतिक मतभेद या गतिरोध की वजह से तय समयसीमा में फंडिंग बिल पारित नहीं हो पाता, तो सरकार के पास कानूनी रूप से खर्च करने के लिए फंड नहीं बचता। ऐसी स्थिति में अमेरिकी सरकार को अपनी गैर-जरूरी सेवाएं बंद करनी पड़ती हैं, जिसे सरकारी शटडाउन कहा जाता है। यह आमतौर पर अस्थायी होता है, लेकिन इस बार ट्रंप कई विभागों को स्थायी रूप से बंद करने और हजारों कर्मचारियों को नौकरी से हटाने की तैयारी में हैं।अगर समय सीमा बीत जाती है तो एजेंसियों को 'गैर-अपवादित' कर्मचारियों को छुट्टी पर भेजना शुरू करना होगा। विशेष रूप से वे कर्मचारी जो जीवन या संपत्ति की सुरक्षा से संबंधित नहीं हैं। ट्रंप के पहले कार्यकाल में 35 दिनों के बंद के दौरान, 340,000 कर्मचारियों को छुट्टी पर भेजा गया था, जबकि बाकी कर्मचारियों ने सरकार के फिर से खुलने तक बिना वेतन के काम किया।इस बार,



एफबीआई जांच, सीआईए ऑपरेशन, हवाई यातायात नियंत्रण, सैन्य सेवा, सामाजिक सुरक्षा जांच, मेडिकेयर दावे और पूर्व सैनिकों की स्वास्थ्य सेवा जैसे महत्वपूर्ण कार्य जारी रहेंगे। डाक वितरण भी अप्रभावित रहेगा क्योंकि अमेरिकी डाक सेवा अपने स्वयं के राजस्व पर चलती है।लेकिन कई एजेंसियां अपने काम में भारी कटौती करेंगी। शिक्षा विभाग अपने करीब 90% कर्मचारियों की छंटनी करेगा, हालांकि छात्र सहायता जारी रहेगी। स्मिथसोनियन संग्रहालय और राष्ट्रीय चिड़ियाघर अपने दरवाजे बंद कर देंगे। ऋछ्अ ने दवा और उपकरणों की मंजूरी में देरी की चेतावनी दी है। और राष्ट्रीय उद्यान सेवा कुछ स्थलों के दरवाजे बंद कर देगी, जबकि अन्य सीमित कर्मचारियों के साथ खुले रहेंगे।

सरकारी शटडाउन तब होता है, जब कांग्रेस संघीय एजेंसियों को चलाने के लिए वार्षिक व्यय विधेयकों पर सहमत नहीं हो पाती। एंटीडेफिशिएंसी एक्ट एजेंसियों को बिना अनुमति के पैसा खर्च करने से रोकता है, इसलिए जब पैसा खत्म हो जाता है, तो सरकार का ज्यादातर काम भी बंद हो जाता है।अमेरिकी सरकार के अलग-अलग विभागों को चलाने के लिए भारी मात्रा में फंड की जरूरत होती है। इसके लिए संसद (कांग्रेस) से बजट या फंडिंग बिल पारित कराना जरूरी होता है। लेकिन जब राजनीतिक मतभेद या गतिरोध की वजह से तय समयसीमा में फंडिंग बिल पारित नहीं हो पाता, तो सरकार के पास कानूनी रूप से खर्च करने के लिए फंड नहीं बचता। ऐसी स्थिति में अमेरिकी सरकार को अपनी गैर-जरूरी सेवाएं बंद करनी पड़ती हैं, जिसे सरकारी शटडाउन कहा जाता है। यह आमतौर पर अस्थायी होता है, लेकिन इस बार ट्रंप कई विभागों को स्थायी रूप से बंद करने और हजारों कर्मचारियों को नौकरी से हटाने की तैयारी में हैं।

अगर समय सीमा बीत जाती है तो एजेंसियों को 'गैर-अपवादित' कर्मचारियों को छुट्टी पर भेजना शुरू करना होगा। विशेष रूप से वे कर्मचारी जो जीवन या संपत्ति की सुरक्षा से संबंधित नहीं हैं। ट्रंप के पहले कार्यकाल में 35 दिनों के बंद के दौरान, 340,000 कर्मचारियों को छुट्टी पर भेजा गया था, जबकि बाकी कर्मचारियों ने सरकार के फिर से खुलने तक बिना वेतन के काम किया।इस बार, एफबीआई जांच, सीआईए ऑपरेशन, हवाई यातायात नियंत्रण, सैन्य सेवा, सामाजिक सुरक्षा जांच, मेडिकेयर दावे और पूर्व सैनिकों की स्वास्थ्य सेवा जैसे महत्वपूर्ण कार्य जारी रहेंगे। डाक वितरण भी अप्रभावित रहेगा क्योंकि अमेरिकी डाक सेवा अपने स्वयं के राजस्व पर चलती है।लेकिन कई एजेंसियां अपने काम में भारी कटौती करेंगी। शिक्षा विभाग अपने करीब 90% कर्मचारियों की छंटनी करेगा, हालांकि छात्र सहायता जारी रहेगी। स्मिथसोनियन संग्रहालय और राष्ट्रीय चिड़ियाघर अपने दरवाजे बंद कर देंगे। ऋछ्अ ने दवा और उपकरणों की मंजूरी में देरी की चेतावनी तो दी ही है। और राष्ट्रीय उद्यान सेवा कुछ स्थलों के दरवाजे बंद कर देगी, जबकि अन्य सीमित कर्मचारियों के साथ खुले रहेंगे।

समाचारों के अनुसार कांग्रेस में लगातार चर्चा के बावजूद दोनों पक्ष वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले किसी समझौते पर नहीं पहुंच पाए थे । सीनेट के रिपब्लिकन सदस्यों ने सदन द्वारा पारित अस्थायी फंडिंग विधेयक पर समर्थन जुटाने की कोशिश की, लेकिन डेमोक्रेट्स की आवश्यक संख्या नहीं मिली। राष्ट्रपति ट्रंप ने मतदान से पहले कहा, ह्यशायद सरकार बंद हो जाएगी,ह्न यह स्पष्ट संकेत था कि स्थिति गंभीर है। व्हाइट हाउस में हुई अंतिम बैठक में भी कोई समझौता नहीं निकला। सीनेट के डेमोक्रेट नेता चक शूमर ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच मतभेद गहरे हैं और बातचीत तनावपूर्ण रही।

इस साल व्हाइट हाउस में उनकी वापसी के बाद यह पहला शटडाउन है। उनका रिकॉर्ड एक ऐसे राजनीतिक माहौल में बजट प्राथमिकताओं को लेकर ध्रुवीकरण को रेखांकित करता है जो पारंपरिक समझौतों के बजाय कठोर रुख को तरजीह देता है। डेमोक्रेट्स ने राष्ट्रपति पर फोड़ा ठीकरा डेमोक्रेटिक नेता हकीम जेफ्रीज और चक शूमर इसका दोष सीधे राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पर डाल रहे हैं।डेमोक्रेटिक नेताओं ने एक संयुक्त बयान में कहा, "महीनों तक जिंदगी को मुश्किल और आवश्यक वस्तुओं की कीमतें महंगी करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप और रिपब्लिकन ने अब संघीय सरकार को बंद कर दिया है क्योंकि वे अमेरिकी लोगों की स्वास्थ्य सेवा की रक्षा नहीं करना चाहते।"

अंतरराष्ट्रीय और घरेलू ध्यान खींचने वाली बातचीत के बीच, हाउस डेमोक्रेटिक माइनॉरिटी लीडर हकीम जेफ्रीज ने ट्रंप द्वारा पोस्ट किए गए एक विवादास्पद एआई-जनरेटेड वीडियो की आलोचना कर रहे है ।इस वीडियो में उन्हें और शूमर को मजाकिया और अभद्र तरीके से दिखाया गया, जिससे बहस और तीव्र हो गई। ट्रंप ने शटडाउन की पूरी जिम्मेदारी डेमोक्रेट्स पर डाली और चेतावनी दी कि यदि फंडिंग में देरी हुई, तो सरकारी कर्मचारियों में बड़े पैमाने पर छंटनी की जाएगी। उन्होंने कहा, इस ठहराव का फायदा हम उन चीजों से छुटकारा पाने के लिए उठा सकते हैं, जो हमें पसंद नहीं हैं, और यह डेमोक्रेट्स के लिए नुकसानदायक होगा। इस कदम से सरकारी कर्मचारियों और आम जनता को बड़ा असर पड़ सकता है। शटडाउन के दौरान लाखों कर्मचारी बिना वेतन रह सकते हैं और कई सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में रुकावट आ सकती है। पिछले सबसे लंबे शटडाउन का अनुभव दिसंबर 2018 में हुआ था, जब 35 दिन तक सरकारी कामकाज बंद रहा। कांग्रेस के दोनों दल शटडाउन से बचने की कोशिश करते हैं, लेकिन अस्थिर स्थिति और बढ़ते मतभेदों के कारण फंडिंग सुनिश्चित करना चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। इस बार भी अस्थायी फंडिंग विधेयक के मुद्दे पर ट्रंप और डेमोक्रेट्स का संघर्ष जारी है, और अमेरिकी सरकार के सामान्य कामकाज पर संकट मंडरा रहा है। अब सवाल यह भी है कि आगे क्या होगा? के बारे में बताया जा रहा है कि कांग्रेस के दोनों सदन आगे बहस करेंगे, पर सीनेट में 60 वोट चाहिए थे जो इस बार नहीं जुट पा रहे. अगर डील नहीं बनी तो शटडाउन लंबा चल सकता है और इसके असर महीनों तक दिखेंगे. लोगों की सैलरी में देरी, सरकारी सेवाओं में कटौती और राष्ट्रीय सुरक्षा कार्रवाइयों पर दबाव होगा ।

# मानवीय संवेदनाओं, ममता से परे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस


संजीव ठाकुर

महात्मा गांधी ने कहा था कि विज्ञान मानवता के लिए हो, तभी उसका मूल्य है। मानवीय सभ्यता ने तकनीक के क्षेत्र में असीमित प्रगति की है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता अथवा आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस (एआई) वैज्ञानिक प्रगति का जीता जागता सर्वोत्तम उदाहरण है, जिसने मानविय जिंदगी की लगभग हर शाखा में बहुत गहरे से प्रवेश कर लिया है। शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, कृषि, सुरक्षा, संचार और न्याय कोई भी क्षेत्र इससे अछूता अप्रभावित नहीं रहा। एआई की तीव्रता ने हमारे समय और श्रम की असीमित बचत की है, देश की उत्पादन क्षमता, कृषि क्षमता और वैज्ञानिक क्षमता को कई गुना बढ़ाया है और निर्णय लेने की क्षमता को अद्भुत उच्च स्तर तक पहुँचा दिया है। किंतु एक बड़ी समस्या हमारे सामने है कि क्या यह कृत्रिम बुद्धिमत्ता कभी संवेदना,ममता प्यार,दुलार को अंगीकृत कर पाएगी, जो मनुष्य मूल के स्वभाव में समाहित है?

एआई के इतिहास पर एक विहंगम दृष्टि डालें तो यह सात दशक पुराना है, पर उसकी यात्रा बड़ी ही रोमांचक है। 1950 में एलन ट्यूरिंग ने प्रश्न उठाया था ह्लक्या मशीनें सोच सकती हैं? और इसके साथ ही ट्यूरिंग टेस्ट सामने आया, जो मशीन की बुद्धिमत्ता मापने की पहली कसौटी बनी थी। 1956 में डार्टमाउथ सम्मेलन के दौरान आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस शब्द का औपचारिक जन्म हुआ था। शुरूआत के कुछ दशकों में एआई केवल खेलों और गणनाओं तक जुड़ी तथा सीमित दायरे में रही, पर 1980 और 1990 के दशक में कंप्यूटरों की बढ़ती क्षमता और न्यूरल नेटवर्क जैसी अवधारणाओं ने इसको काफी हद तक आगे बढ़ाया है। 21वीं सदी के आगमन पर इंटरनेट और बिग डेटा ने इसे वास्तविक जीवन और दिन प्रतिदिन का महत्वपूर्ण एवं अत्यंत आवश्यक हिस्सा बना दिया। आज एआई भाषा की समझ अच्छे से रखने लगा है, अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तस्वीरें भी बहुत अच्छे से पहचाननें लगा है, मनुष्य देश तथा घटनाओं के बारे में भविष्यवाणियाँ कर सकता है और मनुष्य जैसी बातचीत कर सकता है। इसके बावजूद एआई और मनुष्य के बीच का अंतर बड़ा,विराट,विस्तारित और विहंगम है।

मशीन गणना कर सकती है, पर अनुभव नहीं कर सकती। वह उस ममता को कहाँ से लाएगी, जो किसी माँ की गोद में शिशु को थामते ही सहज उत्पन्न हो पड़ती है? वह करुणा कैसे दिल में महसूस करेगी, जो किसी अजनबी की पीड़ा देखकर स्वतः उमड़ पड़ती है? एआई सहानुभूति का अभिनय कर सकता है, मुस्कुरा सकता है, सांत्वना के शब्द बोल सकता है, परंतु उस मुस्कान में आत्मा की खुशी या पीड़ा नहीं दे सकता है।

गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर ने गीतांजलि में लिखा था—जहाँ मन भय से मुक्त हो और मस्तक ऊँचा हो—यह स्वप्न केवल नोबेल पुरस्कार विजेता मनुष्य का है, मशीन का नहीं।आज एआई चिकित्सा में कैंसर और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों के निदान में डॉक्टरों की सहायता कर रहा है, शिक्षा में विद्यार्थियों को व्यक्तिगत अध्ययन सामग्री प्रदान कर रहा है, कृषि परियोजनाओं में मौसम का पूवार्नुमान कर किसानों को समय पर मौसम और वर्षा के बारे में जानकारी दे रहा है और उद्योगों में उत्पादन क्षमता को कई गुना बढ़ाने का का प्रयास कर उत्पादन बढ़ा चुका है। और अब रूस यूक्रेन, इसराइल हमास,य भारत पाकिस्तान युद्ध और सुरक्षा में भी इसका उपयोग ड्रोन और स्वचालित हथियारों में बड़े ही व्यापक तथा बृहद रूप से हो रहा है। किंतु क्या मनुष्य के जीवन में अवसान या मृत्यु जैसे निर्णय किसी एल्गोरिद्म को प्रदान किये जा सकते हैं? युद्धभूमि पर यह तय करना कि किसका जीवन बचे और किसे बलिदानी होना पड़ेगा, केवल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संभव नहीं। वहाँ पर केवल करुणा, विवेक और मानवीय संवेदना ही अंतिम निर्णय ले सकतीहै।

आज दुनिया भर में इमोशनल एआई पर शोध हो रहा है। ऐसे रोबोट बनाए जा रहे हैं जो चेहरे के भाव और आवाज की थरथराहट को पहचानकर प्रतिक्रिया दे सकते हैं। किंतु यह वास्तविक अनुभूति नहीं, केवल अभिनय है। महात्मा गांधी ने कहा था—विज्ञान मानवता के लिए हो, तभी उसका मूल्य है। यदि विज्ञान मानवता से कट जाए तो उसका स्वरूप शुष्क और नीरस हो जाता है। यही कारण है कि आचार्य विनोबा भावे ने चेताया था—ज्ञान की ऊँचाई यदि प्रेम की गहराई से जुड़ी न हो, तो वह अधूरा है। भविष्य की सबसे बड़ी चुनौती यही है कि एआई को मानव का सहयोगी उपकरण या साधन बनाया जाए, उसका विकल्प आधार नहीं। तकनीक हमें भौतिक रूप से सक्षम बना सकती है, पर आत्मिक शक्ति केवल भावनाओं और संवेदनाओं में है। असली प्रश्न यह नहीं है कि मशीनें भावनाएं कब सीखेंगी, बल्कि यह है कि हम इंसान अपनी संवेदनाओं को कितनी मजबूती से थामे रख पाते हैं। यदि हम अपनी करुणा और ममता खो देंगे, तो यह संसार एक यांत्रिक और नीरस समाज बनकर रह जाएगा, जहाँ केवल तर्क और यंत्रणा शेष होगी। मानव और मशीन का अंतर यही है—मशीन सोच सकती है, पर महसूस नहीं कर सकती। मनुष्य की असली पहचान उसकी संवेदनशीलता है, उसकी ममता है, उसकी करुणा है और यही धरोहर उसे सदा श्रेष्ठ बनाए रखे।

# मध्यप्रदेश के किसानों के लिए सुरक्षा कवच बनेगी भावान्तर योजना

मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था में कृषि की भूमिका हमेशा से निर्णायक रही है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव इस सच्चाई को ध्यान में रखते हुए किसान हितैषी योजनाओं को शासन की प्राथमिकता बना रहे हैं। भावान्तर योजना इसी सोच की परिणति है। यह योजना केवल वर्तमान की चुनौतियों का समाधान नहीं है, बल्कि भविष्य के लिए भी खेती-किसानी को लाभकारी और टिकाऊ बनाने का प्रयास है।

मध्य प्रदेश की राजनीति और प्रशासनिक कार्यप्रणाली में किसानों को केंद्र में रखकर कई महत्वपूर्ण योजनाएँ बनाई गई हैं, जिनमें सबसे चर्चित और उल्लेखनीय पहल भावान्तर योजना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार ने इस योजना को नई ऊर्जा और व्यापकता प्रदान करते हुए इसे किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम बनाने का प्रयास किया है। यह योजना केवल एक आर्थिक मदद का साधन नहीं है, बल्कि प्रदेश में खेती-किसानी की संरचना को मजबूती देने, किसानों के भीतर आत्मविश्वास जगाने और कृषि उत्पादन को बाजार से जोड़ने की दिशा में ठोस कदम है।

मध्य प्रदेश की बड़ी आबादी खेती पर निर्भर है और ग्रामीण अंचलों में खेती ही जीवनयापन का प्रमुख साधन है। लेकिन अक्सर किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाता, जिससे उनका आर्थिक संकट गहराता है। ऐसे में भावान्तर योजना सामने आयी है।

माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इसे किसानों के लिए एक सुरक्षाकवच के रूप में लाये हैं । इसका मूल विचार यह है कि यदि किसान को उसकी फसल का बाजार मूल्य न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम मिलता है, तो राज्य सरकार उस अंतर की भरपाई सीधे किसान को करे। यह पहल किसानों के जीवन में स्थायित्व लाने की दृष्टि से एक अभिनव प्रयोग माना जा सकता है।

डॉ. मोहन यादव की सरकार ने इस योजना को सिर्फ दस्तावेजों तक सीमित नहीं रहने दिया, बल्कि इसे व्यावहारिक रूप से लागू करने पर जोर दिया। प्रदेश के विभिन्न जिलों में किसान पंजीयन की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया, ताकि अधिक से अधिक किसान इस योजना से जुड़ सकें। पहले की व्यवस्थाओं में जो तकनीकी खामियाँ और देरी देखने को मिलती थी, उन्हें सुधारा गया। भुगतान की प्रक्रिया को डिजिटल माध्यम से जोड़कर समय पर राशि किसानों के खाते तक पहुँचाने का तंत्र तैयार किया गया। इस पारदर्शिता ने योजना की विश्वसनीयता को और बढ़ाया है।

किसानों की सबसे बड़ी समस्या यह रही है कि फसल तैयार होने के बाद उन्हें या तो अपनी उपज को



औने-पौने दामों पर बेचना पड़ता है या फिर इंतजार में नुकसान उठाना पड़ता है। भावान्तर योजना इस समस्या का समाधान प्रस्तुत करती है। यदि मंडी में किसान को अपनी फसल के दाम समर्थन मूल्य से कम मिलते हैं, तो किसानों को निराश नहीं होना पड़ेगा। अब राज्य सरकार इस अंतर की भरपाई करेगी।

इस योजना से कृषि क्षेत्र में स्थायित्व और संतुलन की भावना उत्पन्न होगी। किसानों की आय में बढ़ोतरी के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी नई गति आएगी। जब किसान के पास खर्च करने की क्षमता बढ़ती है, तो इसका असर सीधे तौर पर ग्रामीण बाजारों और रोजगार के अवसरों पर पड़ता है। गाँवों में छोटी-बड़ी दुकानें, कृषि उपकरणों की बिक्री, परिवहन और सेवा क्षेत्र में हलचल बढ़ने लगती है। इस प्रकार भावान्तर योजना को अप्रत्यक्ष रूप से समग्र ग्रामीण विकास की धुरी माना जा रहा है।

सरकार ने इस योजना को केवल गेहूँ और धान जैसी पारंपरिक फसलों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि दलहन और तिलहन जैसी फसलों को भी इसमें शामिल किया है। इससे किसानों को विविध फसलों की ओर आकर्षित करने में मदद मिलेगी। फसल चक्र को संतुलित बनाने और कृषि क्षेत्र को विविधता प्रदान करने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इससे मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखने और किसानों को नई संभावनाओं की ओर बढ़ने का अवसर भी मिलेगा।

योजना का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इससे किसानों में जोखिम उठाने की क्षमता बढ़ेगी। पहले जब किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिलता था, तो वे ऋण के जाल में फँस जाते थे। कर्ज चुकाने की चिंता उन्हें हताश कर देती थी। भावान्तर योजना इस स्थिति में सुधार करेगी। किसान अब आत्मविश्वास के साथ खेती में निवेश कर सकेगें, क्योंकि सरकार का यह आश्वासन उन्हें संबल प्रदान करेगा कि उनकी मेहनत का मूल्य उन्हें अवश्य मिलेगा। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इस योजना को और व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाया गया, तो यह कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकती है। इसके माध्यम से किसान केवल उत्पादनकर्ता नहीं, बल्कि बाजार व्यवस्था का सक्रिय और सशक्त हिस्सा बन सकते है। भावान्तर योजना को लागू करते हुए सरकार ने यह भी ध्यान रखा कि किसानों को बिचौलियों के शोषण से बचाया जाए। मंडियों की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित किया जाए और फसल उपार्जन में पारदर्शिता लाई जाए। आज जब कृषि क्षेत्र में वैश्विक प्रतिस्पर्धा और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियाँ सामने हैं, तब ऐसी योजनाएँ किसानों को सुरक्षा और स्थायित्व प्रदान करती हैं। यह पहल किसान को सिर्फ राहत नहीं देती, बल्कि उसके भीतर आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान की भावना भी जगाती है। खेती को घाटे का सौदा मानने की मानसिकता को तोड़कर इसे लाभकारी व्यवसाय बनाने में यह योजना अहम भूमिका निभा रही है।

भावान्तर योजना के माध्यम से मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार ने किसानों को यह संदेश दिया है कि राज्य उनके साथ खड़ा है। उनकी मेहनत और पसीने का मूल्य किसी भी हाल में घटने नहीं दिया जाएगा। इस प्रकार यह योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि किसानों के जीवन को बदलने वाली सकारात्मक सोच का प्रतीक बन गई है। **(पवन वर्मा-विभूति फीचर्स)**

## एचएमएसआई ने सितंबर में कुल 5.68 लाख यूनिट्स की बिक्री दर्ज की

पटना। होंडा मोटरसाईकिल और स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने सितंबर 2025 में कुल 5,68,164 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की। इसमें घरेलू बाजार में 5,05,693 यूनिट्स और एक्सपोर्ट में 62,471 यूनिट्स शामिल हैं। अगस्त 2025 की तुलना में कंपनी की कुल बिक्री में 6 प्रतिशत की महीने-दर-महीने ग्रोथ भी देखने को मिली। वित्त वर्ष 2025-26 के अप्रैल से सितंबर तक की वाईटीडी अवधि में, होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने कुल 29,91,024 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की। इसमें 26,79,507 यूनिट्स घरेलू बाजार में और 3,11,517 यूनिट्स एक्सपोर्ट किए गए। होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने रोड सेफ्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए देशभर के 13 शहरों में जागरूकता अभियान आयोजित किए। इन अभियानों का उद्देश्य इंटरएक्टिव लर्निंग के जरिए ज़िम्मेदार रोड बिहेवियर की संस्कृति को मजबूत करना था। होंडा की 2050 तक दुर्घटना-रहित समाज की वैश्विक सोच को आगे बढ़ाते हुए, होंडा इंडिया फाउंडेशन ने गुजरात पुलिस को ह्यसड़क सहायकः सुरक्षित मार्ग, सुरक्षित जीवन योजना के अंतर्गत 50 विशेष रूप से तैयार क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) वाहन सौंपे।

## जिलास्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कालेज के छात्रों का दबदबा कायम



**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों को शिक्षा और प्रशिक्षण के साथ-साथ शारीरिक रूप से स्वस्थ और तंदुरुस्त बनाए रखने के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन सदैव से किया जाता है। इसी उद्देश्य के तहत भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका और थाना जिला खेल विभाग द्वारा गाजेंगी हाल कोंबडपाडा में अंतर-विद्यालयीन कुश्ती प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें भिवंडी तालुका के 48 स्कूलों के 540 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता चौदह,सत्रह और उन्नीस वर्ष आयु वर्ग के छात्रों के बीच आयोजित की गई। उक्त प्रतियोगिता में रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज की ओर से 88 छात्रों ने भाग लिया था प्रतियोगिता में रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कालेज के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 14स्वर्ण, 18रजत और 29 कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल की है। छात्रों की इस शानदार उपलब्धि पर केएमई सोसायटी प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों, खेल समिति के चेयरमैन दानिश मद्दू, स्कूल एवं कालेज के चेयरमैन यासर तातली, प्रधानाचार्य जियाउर रहमान अंसारी एवं समस्त स्टाफ ने सफल छात्रों और उनके मार्गदर्शक शिक्षक जाकिर अंसारी, मुसय्यब मोमिन और इकरा शेख को बधाई दी है।

## श्रीबड़ी दुर्गा महरानी जी चैरिटेबल ट्रस्ट ने हर्षोल्लास पूर्वक मनाया नवरात्रोत्सव



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर बोईसर पश्चिम स्थित धर्मनगरी आजाद नगर में श्रीबड़ी दुर्गा महरानी जी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा इस वर्ष भी दस दिवसीय भव्य नवरात्रोत्सव का आयोजन किया गया। पुरोहित पं. राघवेंद्र महाराज के सानिध्य में यह पर्व धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

माता के दरबार को आकर्षक रूप से सजाया गया था। रंग-बिरंगी रोशनी की झालरें, पुष्पों की तोरण और भव्य सजावट ने मंदिर परिसर को दिव्यता से भर दिया, जिससे श्रद्धालुओं को एक अलौकिक अनुभूति प्राप्त हुई। उत्सव के दौरान घटस्थापना से लेकर विजयादशमी तक प्रतिदिन दुर्गा सप्तशती पाठ, भजन संकीर्तन, और संध्या की महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भक्तों की भीड़ ने कार्यक्रम को भक्ति और ऊर्जा से भर दिया। समापन दिवस पर 2 अक्टूबर को सामूहिक यज्ञ और हवन का आयोजन किया गया, जिसके उपरांत माता रानी का महाप्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रमुख जितेंद्र दुबे व रेनु दुबे के साथ आयोजक मंडल ने माता के भक्तों का श्रद्धा पूर्वक स्वागत कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## एबॅट का 'प्रोजेक्ट क्षीरसागर': ग्रामीण दुग्ध उत्पादकों को सशक्त बनाकर स्थानीय दूध आपूर्ति को दे रहा है मजबूती

**मुंबई/पटना।** अच्छा पोषण हमेशा गुणवत्तापूर्ण सामग्री से शुरू होता है। भारत में पोषण उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, वैश्विक हेल्थकेयर कंपनी एबॅट को उच्च गुणवत्ता वाले दूध की भरोसेमंद आपूर्ति की जरूरत थी। इसी के तहत एबॅट ने 2022 में अंतरराष्ट्रीय गैर-लाभकारी संगठन टेक्नोसर्व के साथ मिलकर 'प्रोजेक्ट क्षीरसागर' की शुरूआत की। यह एक साझा-लाभ वाली पहल है, जिसका उद्देश्य भारत में डेयरी किसानों को सशक्त बनाकर कच्चे दूध की एक टिकाऊ आपूर्ति श्रृंखला तैयार करना है। आज एबॅट यह साझा कर रहा है कि यह पहल किस तरह भारतीय किसानों और उन परिवारों के जीवन में बदलाव ला रही है, जो एबॅट के न्यूट्रिशन उत्पादों पर निर्भर हैं। 'प्रोजेक्ट क्षीरसागर' को महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु में लागू किया गया है। इसके तहत किसानों को बैंक खाता खोलने, रोजगार के अवसरों से जुड़ने और वित्तीय साक्षरता व डेयरी फार्मिंग की बेहतर तकनीकों की ट्रेनिंग दी जाती है, ताकि वे अपना व्यवसाय बेहतर तरीके से चला सकें। यह पहल बीते एक दशक में भारत के डेयरी किसानों को सहयोग देने के एबॅट के प्रयासों की अगली कड़ी है। एबॅट और टेक्नोसर्व मिलकर किसानों को दूध उत्पादन सुधारने, पशुओं को संतुलित आहार देने, सूखा जैसे हालातों से निपटने और गायों की बेहतर देखभाल करने में सहायता कर रहे हैं। इस कार्यक्रम के तहत 130 गांव-आधारित दूध संग्रह केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां दूध को ठंडा रखने की सुविधा मौजूद है। इससे न सिर्फ दूध की गुणवत्ता बनी रहती है, बल्कि किसानों की आमदनी भी बढ़ रही है।

## मीशो मेगा ब्लॉकबस्टर सेल 2025 में 206 करोड़ से अधिक ग्राहकों ने हिस्सा लिया

**मुंबई/पटना।** मीशो की वार्षिक मेगा ब्लॉकबस्टर सेल 2025 संपन्न हो चुकी है। इस सेल में ग्राहकों, विक्रेताओं और ब्रांड्स की रिकॉर्ड प्रतिबद्धता दर्ज हुई। इस साल की सेल में देखने को मिला कि टेक्नोलॉजी, किफायत और विश्वास किस प्रकार पूरे भारत में फेस्टिव कॉमर्स को आकार दे रहे हैं। दिल्ली से लेकर विशाखापट्नम तक के व्यवसायों ने दीवाली से पहले लाखों नए उत्पाद लॉन्च किए। सेल के दौरान मीशो के प्लेटफॉर्म पर 206 करोड़ ग्राहक आए। शॉपर्स ने 117 मिलियन से अधिक घंटे मीशो प्लेटफॉर्म पर बिताए। प्रिपेड लेनदेन भी 57 प्रतिशत बढ़े। इससे प्रदर्शित होता है कि भारतीय शॉपर्स के बीच डिजिटल भुगतान लोकप्रिय हो रहा है। त्योहारों पर होने वाली खरीदारी में कुर्ती, ज्वेलरी, लिपस्टिक, पूजा डेकोर और बच्चों के एथनिक वियर सबसे अधिक लोकप्रिय रहे।

सेल के दौरान विक्रेताओं ने 4.6 करोड़ नए उत्पाद लॉन्च किए। प्लेटफॉर्म से 49,000 नए विक्रेता जुड़े। साल-दर-साल विक्रेताओं की प्रतिभागिता में 57 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## अभिजात मराठी राजभाषा दिवस का उत्साहपूर्वक आयोजन, पालघर में सप्ताह का हुई भव्य शुरूआत

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** मराठी भाषा की गौरवशाली परंपरा और सांस्कृतिक वैभव का उत्सव – अभिजात मराठी राजभाषा दिवस शुक्रवार 3 अक्टूबर को पालघर में पूरे उत्साह एवं गर्व के साथ मनाया गया। साथ ही, 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले ₹मराठी भाषा सप्ताह₹ का भी भव्य शुभारंभ किया गया।

यह कार्यक्रम लोकशाहीर आत्माराम पाटील सभागृह, नियोजन भवन, जिलाधिकारी कार्यालय पालघर में संपन्न हुआ। जिलाधिकारी डॉ. इंदुराणी जाखड की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध साहित्यकार, कवि एवं गीतकार प्रसाद कुलकर्णी तथा ₹महाराष्ट्राची हास्यजत्रा₹ फेम हास्य कलाकार प्रा. अजितकुमार कोष्टी बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित रहे। साथ ही मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे, अप्पर जिलाधिकारी भाऊसाहेब फटांगडे एवं अप्पर पुलिस अधीक्षक विनायक नरले की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में वक्ताओं ने मराठी भाषा की महत्ता, उसकी अभिव्यक्तिपूर्ण लय और समाज को जोड़ने वाली ताकत पर प्रकाश डाला।



जिलाधिकारी डॉ. जाखड ने कहा, ₹मराठी एक प्रेमपूर्ण और दिल से जोड़ने वाली भाषा है। इसका संरक्षण और संवर्धन हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।₹ साहित्यकार प्रसाद कुलकर्णी ने संत ज्ञानेश्वर, संत तुकाराम से लेकर आधुनिक युग के लेखक-कवियों तक का उल्लेख करते हुए मराठी साहित्य की समृद्ध परंपरा पर प्रकाश डाला।

वहीं, प्रा. अजितकुमार कोष्टी ने अपनी हास्यपूर्ण शैली में मराठी भाषा के दैनिक जीवन में महत्व को दर्शाते हुए हंसी और विचारों का सुंदर संगम उपस्थित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, ₹भाषा और संस्कृति को अगली पीढ़ियों तक पहुंचाने का यह एक सराहनीय प्रयास है।₹ कार्यक्रम की शुरूआत उपजिलाधिकारी (सामान्य प्रशासन) रणजित देसाई द्वारा किए गए प्रास्ताविक भाषण से हुई, जबकि माध्यमिक शिक्षणाधिकारी अशोक पाटील ने आभार प्रकट करते हुए सभी विद्यालयों से सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों में सक्रिय सहभाग की अपील की। कार्यक्रम के अंत में मराठी भाषा के संरक्षण हेतु सामूहिक संकल्प लिया गया। अगले सात दिनों तक विभिन्न शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से मराठी भाषा का गौरव और समर्पण अभिव्यक्त किया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन जतिन कदम और प्रतिभा कदम ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षक, प्राध्यापक एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## आयुक्त द्वारा अनाधिकृत फेरीवालों के विरुद्ध निरन्तर कारवाई के आदेश

**मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)।** मीरा भायंदर में 3 अक्टूबर 2025 को मीरा-भायंदर महानगरपालिका के माननीय आयुक्त एवं प्रशासक राधाबिनोद ए. शर्मा (भा.पु.से.) की अध्यक्षता में अतिक्रमण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उपायुक्त (मुख्यालय) कल्पिता पिंपले, सभी वार्ड सहायक आयुक्त और यातायात पुलिस विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

इस बैठक में शहर में सड़कों, चौराहों, फुटपाथों और सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से बैठे रेहड़ी-पटरी वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के संबंध में महत्वपूर्ण चर्चा हुई। नागरिकों को होने वाली असुविधा, यातायात की भीड़ और सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए, माननीय आयुक्त ने अतिक्रमण विभाग को तत्काल और लगातार कार्रवाई करने के आदेश दिए। माननीय आयुक्त ने निर्देश दिए कि चौराहों, फुटपाथों और सड़कों पर अवैध रूप से रेहड़ी-पटरी लगाने वालों के खिलाफ रोजाना सख्त कार्रवाई की जाए।

यह कार्रवाई एक बार बंद नहीं होनी चाहिए बल्कि लगातार जारी रहनी चाहिए ताकि शहर में अनुशासन और स्वच्छता बनी रहे। साथ ही, माननीय आयुक्त ने निर्देश दिए कि यातायात पुलिस विभाग के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर सड़कों पर भीड़भाड़ कम करने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

## हर्षोल्लाश से केक काटकर मनाया गया मनोज हीरालाल नेरकर का जन्मदिन



**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** धामनकर नाका के न्यू कणेरी स्थित विन्दू सायजिंग में सपा नेता अजय यादव के कार्यालय पर भिवंडी के प्रसिद्ध अंबिका टी हाउस के संचालक मनोज हीरालाल नेरकर का जन्मदिन केक काटकर एक दूसरे को खिलाकर जन्मदिन की शुभकामनाएँ दी गयी । इस अवसर पर सपा नेता अजय यादव, धर्मेश अग्रवाल, आचार्य सूरजपाल यादव, राजेन्द्र यादव, इंजीनियर सदानंद देशमुख, वैभव आयरे, ओंकार खामकर , हिमांशु पटेल, मैनुद्दीन अंसारी (मखादू), जितेन्द्र यादव, अब्दुस्सलाम नोमानी, संतोष यादव आदि लोगों ने उपस्थित रहकर जन्मदिन की शुभकामनाएँ दिये।

## शिवतेज मित्र मंडल ने धूमधाम से मनाया गया नवरात्रोत्सव

### श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास से गूंजा धर्मनगरी आजाद नगर

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर पालघर जिले के बोईसर शहर पश्चिम स्थित धर्मनगरी आजाद नगर में शिवतेज मित्र मंडल द्वारा दस दिवसीय भव्य नवरात्रोत्सव का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। यह आयोजन मंडल प्रमुख एवं भाजपा नेता तुलसीराम केवट के मार्गदर्शन में तथा पं. चंद्रमूल पाण्डेय के धार्मिक सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। माता रानी के दरबार को अत्यंत आकर्षक रूप से सजाया गया था। रंग-बिरंगी लाइटिंग, फूलों की तोरण और भव्य सजावट ने पूरे परिसर को दिव्यता से भर दिया। घटस्थापना से लेकर विजयादशमी तक प्रतिदिन भजन-संकीर्तन और संध्या महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें भारी संख्या



में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर अपनी आस्था प्रकट की। उत्सव के समापन दिवस 2 अक्टूबर को सामूहिक यज्ञ एवं हवन का आयोजन हुआ, जिसके पश्चात श्रद्धालुओं के बीच माता का महाप्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर शिवतेज मित्र मंडल प्रमुख तुलसीराम केवट व आयोजक मंडल द्वारा श्रद्धालुओं का ससम्मान स्वागत कर पुण्य लाभ अर्जित किया गया। कार्यक्रम में सरावली सरपंच आनंद धोडी, उद्योगपति गिरजेश राजकिशोर सिंह, भाजपा नेता उदयराज शुक्ला, वसीम चौधरी, विक्रांत साहनी, तूफान जेना, राजीव रंजन सिंह, संजय मास्टर, सुनील लांडे, आनंद परडवाल, सर्वेश सिंह, धर्मेंद्र शाह, राजू पाठक, राजू यादव, संतोष साहनी, बाबू सिंह, रामसिंह, पवन यादव, अर्जुन नीलगम, शंकर सैनी, भरत सिंह, सुमित ठाकुर, कुंदन ओझा, आर.के. सिंह, शिवाजी कदम, एक दंत ग्रुप टीम, श्याम, मनोज शर्मा, नीरज जायसवाल, विनय पांडेय, पप्पू सिंह, केशव यादव, हरिराम विश्वकर्मा, रामसेवक विश्वकर्मा, नीतीश कुमार केवट सहित अनेक गणमान्य नागरिकों एवं भक्तों ने माता के दरबार में हाजिरी लगाई और शीतला माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## बोईसर नवरंग महोत्सव 2025 का भव्य समापन, पत्रकारों को किया गया सम्मानित

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** जिले के बोईसर शहर अंतर्गत सर्कस ग्राउन में आयोजित बोईसर नवरंग महोत्सव 2025 (गरबा महोत्सव) का समापन 2 अक्टूबर की रात एक भव्य समारोह के साथ हुआ। समापन समारोह में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में स्थानीय पत्रकारों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

सम्मानित पत्रकारों में जगत भारती हिंदी साप्ताहिक एवं जे बी न्यूज बोईसर के संपादक आशाद बन्ने शेख, दैनिक उत्तरशक्ति के पत्रकार अजीत सिंह, दैनिक तरुण मित्र के ओमप्रकाश द्विवेदी तथा सतर्क इंडिया के संपादक अखिलेश चौबे शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान समिति के पदाधिकारियों ने मंच पर उन्हें सम्मानचिह्न भेंट कर



सम्मानित किया। इस दौरान समिति के प्रमुख लोगों में संजय पाटील, प्रभाकर राऊल, नीलम संखे, चंद्रकांत जाधव, अतुल देसाई, अल्पेश मोरे, मुकेश पाटील एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति मंच पर मौजूद रहे। 22 सितंबर से शुरू होकर 2 अक्टूबर तक चले इस नौ दिवसीय गरबा महोत्सव में सात से आठ हजार श्रद्धालु प्रतिदिन शामिल हुए। उत्सव में सभी धर्मों और वर्गों के लोगों ने भाग लेकर सांप्रदायिक सौहार्द और सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया। बारिश के बावजूद गरबा प्रेमियों का उत्साह चरम पर बना रहा। समापन अवसर पर बेहतर गरबा प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को भी समिति की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आयोजन शांतिपूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें स्थानीय प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी।

## मनोज गिरी प्रोडक्शन्स का धार्मिक एपिसोड दशहरे पर रिलीज

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** जाने माने फिल्म निमार्ता व निर्देशक मनोज गिरी प्रोडक्शन का विजयदशमी के पावन अवसर पर धार्मिक एपिसोड महिषासुर मर्दिनी लंबे इंतजार के बाद आखिरकार जनता के बीच आ ही गया। जो 21एपिसोड का है और जिसमें मशहूर गीतकार,संगीतकार व गायक सुरेश वाडकर ,साधना सरगम और सतीश देहरा की सुमधुर भक्ति भाव से ओतप्रोत आवाज सुनने के बाद अपनी तरफ आकर्षित करने लगता है। उन भक्तिमय गीतों की तारीफ शब्दों में कर पाना अत्यंत कठिन है।

अभी तक प्रख्यात एपिसोड क्राइम पेट्रोल, सावधान इंडिया,खाकी,मौकायो वारदात,क्राइम एलर्ट, हरिओम चैनल पर जय जगन्नाथ और फिल्मों के रूप में दीनदयाल एक युगपुरुष, मैं खुदीराम बोस हूँ। काश्मीर में बेगुनाहों पर आतंकवादियों द्वारा हमला बोल उनकी निर्मम हत्या कर



देने पर गालिब जैसी मर्मस्पर्शी फिल्मों को देने वाले निमार्ता निर्देशक मनोज गिरी ने बताया कि कई अन्य फिल्मे व एपिसोड जनता की सेवा में सुपुर्द किया जा चुका है। जो खूब सराहा गया। और जनता की मांग पर ही धार्मिक एपिसोड महिषासुर मर्दिनी बनाया गया है। जिसमें माता रानी के नौ रूपो को अलग अलग दशार्या गया है। जो अत्यंत मनमोहक और ऊर्जा व शक्ति प्रदान करने वाला है। और यह एक धार्मिक सीरियल है। जिसे कैप्टेन टीवी चैनल पर देखा जा सकता है। जिसका प्रसारण शाम 6 बजे से डिश टीवी, जिओ टीवी,टाटा प्ले, डेन टीवी, डीजी महाराजा टीवी पर महाराष्ट्र के अलावा बिहार और झारखंड में देखा जा सकता है।

धार्मिक प्रवत्ति, आचरण व आस्था के साथ साथ मनोज गिरी अपनी जनसेवा के बलबूते मनसे से मीरा रोड के वार्ड क्रमांक 16 से नगरसेवक का चुनाव लड़ने के लिए पूर्ण तैयारी कर चुके है। और मनोज गिरी ने स्थानीय लोगों से अपील किया है कि मैं उत्तर भारतीय हूँ जो मान सम्मान मुझे यहां मिल रहा है वह किसी अन्य राजनीतिक दल में संभव नही है। मनसे केवल सच्चाई का साथ देती है। चापलूसी करने वालों का इस पार्टी में कोई स्थान नही है। गिरी ने आगे कहा कि आप सबके के हक और अधिकार की लड़ाई के लिए मनसे चौबीसों घंटे आप के साथ कदम से कदम मिलाकर चलती रहेगी। और लोग निसंकोच मुझसे संपर्क कर सकते है। जनसेवा हमारे खून में था और सदैव रहेगा।

## भोजपुरी फिल्म मांग हमार सिनूर तोहार का भव्य मूहूर्त भाजपा नेता कमलेश यादव के हाथों संपन्न

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** जोगेश्वरी पश्चिम स्थित स्पाईनिस विला हाल में भोजपुरी फिल्म ₹मांग हमार सिनूर तोहार₹ का मूहूर्त बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर फिल्म जगत से जुड़े कई नामचीन हस्तियों के साथ-साथ राजनीतिक क्षेत्र की भी गरिमामयी उपस्थिति देखने को मिली।

मुख्य अतिथि के रूप में पधारे भाजपा नेता व कांदिवली के लोकप्रिय पूर्व नगरसेवक कमलेश यादव ने प्रथम क्लैप देकर फिल्म का शुभारंभ किया। उन्होंने पूरी प्रोडक्शन टीम को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी। यह फिल्म राईजिंग ट्री एंटरटेनमेंट और कोमल प्रोडक्शन के बैनर तले बनाई जा रही है। फिल्म में बतौर मुख्य कलाकार संचिता बनर्जी, बीकेश ठाकुर, संजय पाण्डेय, मनोज टाइगर और माया यादव अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरेंगे। फिल्म के प्रोड्यूसर मनीषा पाटिल, आर.एस. सेन और महेश यादव हैं जबकि निर्देशन की बागडोर अनिल प्रकाश संभाल रहे हैं। कहानी लेखक




एस.के. चौहान, डीओपी राजेश कनौजिया, म्यूज़िक डायरेक्टर साजन मिश्रा और लाइन प्रोड्यूसर विनोद रावत हैं। मूहूर्त कार्यक्रम के दौरान पूरी फिल्म टीम में गजब का उत्साह देखा गया। उपस्थित लोगों ने इस मौके पर कहा कि फिल्म की कहानी अब तक की पारंपरिक भोजपुरी फिल्मों से बिल्कुल अलग और दर्शकों को बांधकर रखने वाली है। टीम का दावा है कि ₹मांग हमार सिनूर तोहार₹ न केवल भोजपुरी दर्शकों बल्कि अन्य भाषाई दर्शकों के बीच भी अपनी अलग पहचान बनाएगी और इतिहास रचेगी।

## जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा नवरात्रि उत्सव का भव्य आयोजन

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन की वर्ल्ड चेयरपर्सन शायना एन.सी. के नेतृत्व में नवरात्रि उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन की प्रभारी पूनम हरीश रावल ने बताया कि शायना एन.सी. एक बहुमुखी व्यक्तित्व और दयालु हृदय वाली इंसान हैं, जो हमेशा दूसरों की मदद करने के लिए आगे रहती हैं। पूनम रावल ने आगे कहा कि शायना एन.सी. का हृदय बेहद खूबसूरत है और उन्होंने इस बार नवरात्रि का पर्व फेलोशिप ऑफ द फिजिकली हैंडीकैप्ड पीपल में मनाने का अद्भुत विचार प्रस्तुत किया। संस्था की अध्यक्ष शोभा कामरा जी, जो इस महान और नेक संस्था को वंचित लोगों के साथ चला रही हैं, उनके सहयोग से यह कार्यक्रम और भी विशेष बन गया। रंग-बिरंगे भारतीय परिधानों में सज-धजकर और चेहरे पर मुस्कान लिए जब सब लोग गरबा में थिरके, तो वह दृश्य बेहद मनमोहक था।ओम क्रिएशंस ट्रस्ट की संस्थापक व मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. राधिका खन्ना, जो बहुविकलांग युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास और आत्मनिर्भर आजीविका के अवसर देने में अग्रणी हैं, तथा ओम क्रिएशंस ट्रस्ट के सीईओ राहुल राय, जो गिफ्टिंग91 जैसे नवाचार और संवेदनशील आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं, उन्होंने इस कार्यक्रम को संगीत और सजावट के आयोजन द्वारा विशेष सहयोग दिया। इस पावन



अवसर पर शिवसेना के उपमुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे जी का भी विशेष सहयोग रहा। कई नामचीन हस्तियों ने इस गरबा में शामिल होकर वंचित बच्चों और युवाओं के साथ मिलकर उत्सव का आनंद लिया। इसमें शिवसेना से श्री मिलिंद देवरा जी, भाजपा से पूनम महाजन जी, अभिनेत्री हेलेन, मधु, लुलिया वंतूर, जैकी भगनानी, जैकी श्रॉफ, आकांक्षा अग्रवाल, संगीतकार अनु मलिक और कई अन्य जानी-मानी हस्तियाँ उपस्थित थीं। इस अवसर पर शायना एन.सी. की ओर से उपहार, नाश्ता और पेय पदार्थ भी परोसे गए। जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन से डीडब्ल्यूसी नूरुद्दीन सेववाला, सीसीएम शर्मिष्ठा शाह, हेमंत शाह, हरीश रावल, निरेंद्र इतंकर, विश्वमित्र भेरवानी, ललिता जी, निपाली, किरण, चंदा, शिल्पा, वीरेंद्र अय्यर, हसन लोखंडवाला, अब्दे अली, रशीदा, अवार्बेन और दक्षिण मुंबई के तेज तर्रार तेरापंथ युवक परिषद की बड़ी टीम ने भी इस पुण्य कार्य में भाग लिया और सभी ने मिलकर उल्लास और खुशी के साथ नृत्य किया।

## क्रेडाई ने आरबीआई के 5.50% पर रेपो रेट स्थिर रखने के फैसले का स्वागत किया

**मुंबई।** क्रेडाई ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा नीतिगत रेपो रेट को 5.50% पर यथावत बनाए रखने के फैसले का स्वागत किया है। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच यह कदम आवास क्षेत्र को आवश्यक स्थिरता प्रदान करता है। स्थिर दरें घर खरीदारों के लिए बेहद अहम हैं, क्योंकि इससे उधार लेने की लागत स्थिर रहती है और लंबी अवधि की योजना बनाने का विश्वास बढ़ता है। वहीं, डेवलपर्स के लिए भी वित्तपोषण और निवेश में पूवार्नुमान सुनिश्चित होता है।हाल ही में जीएसटी दरों में की गई कटौती ने भी भावना को मजबूत किया है और विभिन्न क्षेत्रों में मांग को बढ़ावा दिया है, जिससे समग्र विकास चक्र को बल मिला है। सोने और इक्विटी बाजारों में जारी उतार-चढ़ाव के बीच, भारतीय परिवारों के लिए आवास सबसे सुरक्षित और भरोसेमंद दीर्घकालिक निवेश के रूप में उभर रहा है।यद्यपि क्रेडाई इस बैठक में 25 आधार अंक की कटौती की उम्मीद कर रहा था, फिर भी क्षेत्र को विश्वास है कि चालू वित्त वर्ष में आरबीआई आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए दो चरणों में कुल 50 आधार अंक की कटौती करेगा।क्रेडाई ने जोर दिया कि अब यह आवश्यक है कि बैंक और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियाँ मौजूदा नीतिगत रुख का लाभ नए और पुराने दोनों उधारकर्ताओं तक शीघ्रता से पहुँचाएँ।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

# जनपद में गहना कोठी परिवार के तीसरे शोरूम का भव्य उद्घाटन

जौनपुर(उत्तरशक्ति) जनपद में गहना कोठी परिवार के तीसरे शोरूम का भव्य उद्घाटन फर्म के अधिष्ठाता विवेक सेठ 'मोनू की माँ विमला सेठ व राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव के द्वारा ने दीप प्रज्वलित करके किया गया। कलेक्ट्री तिराहा के सामने दीवानी कचहरी रोड पर खुले ज्वेलरी शोरूम उदघाटन के शुभ अवसर पूरा गहना कोठी मौजूद रहा। इस अवसर पर विमला सेठ ने बताया कि ये हमारे लिए गौरव की बात है कि हमने अपने तीसरे शोरूम का शुभारंभ आप सभी के भरोसे और विश्वास के कारण कर पाये है। हमारा पहला शोरूम कोतवाली चौराहा हनुमान मंदिर के सामने व दूसरा नखास में सद्भावना पुल रोड पर स्थित है। ग्राहकों व शुभचिंतकों के प्यार और स्नेह ने हमे यहां शोरूम खोलने पर विवश किया। राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने शोरूम के कलेक्शन के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि गहना कोठी पर लेटेस्ट एवं यूनिक कलेक्शन की भरमार है, यहां गोल्ड, डायमंड, प्लेटिनम, कुंदन, पोलकी और सिल्वर के सभी उम्दा और मॉर्डन ज्वेलरी कलेक्शन मिलेंगे। मैं उम्मीद करता ही गहना कोठी परिवार आगे भी अपनी विश्वनीयता को बनाए रखेगा। उन्होंने कहा कि गहना



कोठी फर्म ने वर्षो से अपने पारदर्शिता व शुद्धता के कारण लोगों के बीच जौनपुर ही नहीं बल्कि पूरे पूर्वांचल का सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठान बन गया है। विवेक सेठ मोनू ने कहा कि कहा कि इस बार हमने युवा और नई पीढ़ी के लिए भी खास लाइट वेट ज्वेलरी का लेटेस्ट कलेक्शन लांच किया है। जिसका अनुभव आपको सबसे खास एहसास देगा। इसके साथ ही हम उद्घाटन के शुभ अवसर पर ग्राहकों के लिए एक आकर्षक ऑफर भी लेकर आये हैं। उन्होंने कहा कि गहना कोठी 79 वर्षों से अपनी सेवा और ग्राहकों के विश्वास पर खरा उतरा है। फर्म के अधिष्ठाता विनीत सेठ ने बताया कि हमारे तीनों फर्म पर ग्राहकों को सोने की शुद्धता परखने के लिये टेस्टिंग मशीन की सुविधा दी जा रही है जिससे ग्राहक अपने पुराने सोने की शुद्धता जानने के साथ ही हमारे यहाँ से खरीदारी के समय ही आभूषण की शुद्धता परख सकतें है, और हमे विश्वास है कि हमारी यह पहल गहना कोठी परिवार और ग्राहकों के बीच के रिश्ते को और भी मजबूत करेंगी। इस अवसर पर अर्चना सेठ, विशाल सेठ, विपिन सेठ, बालमुकुन्द सेठ, अजीत सेठ, हर्षित सेठ, हार्दिक सेठ, आयुष सेठ, अंशु सेठ, हेमन्त सेठ सहित पूरा गहना कोठी परिवार मौजूद रहा।

# मिशन शक्ति के तहत कचगांव में उप निरीक्षक थाना जफराबाद ने महिलाओं को किया जागरूक



डॉ.इम्तियाज अहमद

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत थाना जफराबाद जनपद जौनपुर मे काली प्रसाद इंटर कॉलेज तड़तला जफराबाद में पहुंच कर एंटी रोमियो टीम द्वारा स्कूल की बालिकाओं को एकत्रित कर मिशन शक्ति फेज-5 के तहत उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए तथा हेल्पलाइन नंबरों पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102,108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, साइबर अपराध 1930, तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न योजनाओं विधवा पेंशन योजना वृद्धावस्था पेंशन योजना सुकन्या समृद्धि योजना प्रधानमंत्री आवास योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना नशा मुक्ति भारत अभियान प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व लैंगिक तथा महिला से सम्बंधित कानूनों के बारे में अवगत कराया गया।

मिशन शक्ति 5.0 अभियान के दौरान गुरवार की रात्रि निकट, पानी टंकी कचगांव मे महिलाओं को जागरूक करती महिला उप निरीक्षक सुश्री मिथिलेश कुमारी थाना जफराबाद जनपद जौनपुर, ने महिलाओं को साइबर क्राइम से कैसे बचा जाए इसके के बारे मे महिलाओं एवं बच्चियों को जागरूक किया, मिथिलेश कुमारी का कहना था एक छोटी सी गलती, कभी कभी जी का जंजाल बन जाती है। आपके मेहनत की रकम कोई और उड़ा लेता है इससे कैसे बचा जाये इसी के बारे मे आप सभी लोगों को मैं अवगत कराने के लिए यहा मौजूद हूँ। इसी तरह सप्ताह मे विभिन्न स्थानों पर जैसे भीड़ भाड़ वाले इलाकों मे या फिर स्कूल बाजार आदि पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

# शास्त्र की सुरक्षा के लिये शस्त्र आवश्यक: अजय पाण्डेय

- कन्या पूजन से दुर्गा माता प्रसन्न होकर राष्ट्र-सनातन को खुशहाल रखती हैं: जितेन्द्र बहादुर
- नवरात्र में कन्या पूजन ही भगवती की सच्ची पूजा एवं भक्ति है: फलाहारी महराज

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। अन्तरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल सहित सभी आयाम के



पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने जिला मुख्यालय सहित कई स्थानों पर कन्या एवं शस्त्र पूजन का कार्यक्रम किया। इसी क्रम में श्रीराम जानकी मठ गूलर घाट में समाज को संदेश देते हुये राम प्रीति फलाहारी महराज विभाग धमाचार्य प्रमुख ने कहा कि नवरात्र में कन्या पूजन ही मां भगवती की सच्ची पूजा एवं भक्ति है। इससे राष्ट्र, धर्म, सनातन और संस्कृति में बल का संचार होता है। इसी क्रम में श्रीराम जानकी मंदिर मुरादगंज एवं श्री हनुमान मंदिर नईगंज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जितेन्द्र बहादुर सिंह जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल ने कहा कि हमारा भारत और सनातन, धर्म, संस्कृति आदि हमें सर्वधर्म का आदर करने को प्रेरित करता है। वहीं अपने सनातन, धर्म, संस्कृति की सुरक्षा हेतु हमें संगठित रहने का भी मार्ग प्रशस्त करता है। कन्या पूजन करने से नवदुर्गा प्रसन्न होकर राष्ट्र को खुशहाली का आशीर्वाद देती है। इसी क्रम में तमाम जगहों पर आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित अजय पाण्डेय जिलाध्यक्ष अन्तरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद ने बताया कि नवरात्र एवं विजयदशमी सनातनियों की परम्परा में धार्मिक और बहुत ही महत्वपूर्ण त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। इसे धर्म की विजय और विधर्मियों का नाश होने का पर्व है। वेद, पुराण, गीता, रामायण आदि उपनिषद अन्य धार्मिक दृष्टांत देखने को मिलता है कि हमारे ऋषि, मुनि सहित आराध्य देवी देवता धर्म को सुरक्षित, विधर्मियों का सर्वनाश हेतु अपने हाथों में शस्त्र धारण किये रहते थे, इसलिये हम सनातनियों को भी संकल्पित होकर शास्त्र के साथ शस्त्र पूजन करना भी आवश्यक हैं।

# चालक की लापरवाही के कारण पलटा ट्राली क्रेन, राहगीर बाल बाल बचे

डाला,सोनभद्र (उत्तरशक्ति)। नगर पंचायत डाला बाजार में लापरवाही से काम करते हुए चालक द्वारा अपनी होशियारी दिखाने के



चक्कर में ट्राली क्रेन पलट गया। जिसमें कोई हताहत नहीं हुई। बताया जा रहा है कि नगर पंचायत डाला बाजार के वार्ड 3 में दूरसंचार के पास बबुल की झाड़ी सड़क पर आ गया था जिसकी डाली क्रेन के माध्यम से जबरजस्ती धक्का मार कर तोड़ा जा रहा था। चालक ने जान बूझ के अपनी लीला दिखाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी और अचानक क्रेन पलट गया। मौके पर मौजूद नागरवासियों ने बताया की चालक को मना किया गया कि ऐसे में धोखा हो सकता है लेकिन, सुने कौन। मनबढ़ चालक की लापरवाही से घट सकती थी बाडी घटना। चालक की वजह जे मशीन का बहुत बड़ा नुकसान हुआ। जिस पर जिम्मेदार चुप दिखे।

# जिलाधिकारी ने विसर्जन घाट पर हो रहे दुर्गा पूजा प्रतिमा विसर्जन के कार्य को देखा

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा विसर्जन घाट पर हो रहे दुर्गा पूजा प्रतिमा विसर्जन के कार्य को देखा गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा महा समिति के अध्यक्ष, सदस्यगण



और जनपद के प्रत्येक नागरिको के सहयोग से आपसी सद्भाव, श्रद्धाभाव और शांतिपूर्ण तरीके से नवरात्रि पर्व को मनाया गया और इसके पश्चात दुर्गा पूजा प्रतिमा विसर्जन के कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से आज संपन्न कराया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में विकसित भारत तथा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार करने हेतु सुझाव मांगे जा रहे है। उन्होंने कहा कि आपके सुझाव को विजन डॉक्यूमेंट में सम्मिलित किया जाएगा, 12 सेक्टर में सुझाव मांगे जा रहे है। उन्होंने सभी से अपील किया कि समर्थ पोर्टल पर अपने सुझाव अवश्य दें। इस दौरान उन्होंने समिति के सदस्यों को अंगवस्त्रम प्रदान किया तथा प्रसाद भी वितरित किया। उन्होंने ड्यूटी में लगाए गए समस्त अधिकारीगण, पुलिस विभाग, अन्य कर्मचारीगण और जनपदवासियों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

# पालन-पोषण करने वाले बूढ़े मां-बाप का साथ छोड़ना शर्मनाक: प्रो.वंदना सिंह

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर वृद्धों से मिली कुलपति

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर सैयद अलीपुर स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों से मुलाकात की और उन्हें फल, मिष्ठान एवं खाद्य सामग्री वितरित की। इस दौरान बुजुर्गों की स्थिति देखकर कुलपति भावुक हो उठीं और कहा कि जो माता-पिता अपने बच्चों के पालन-पोषण के लिए जीवनभर संघर्ष करते हैं, उन्हें बुढ़ापे में बेसहारा छोड़ देना अत्यंत शर्मनाक और निंदनीय है।



उन्होंने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों को पढ़ा-लिखाकर पैरों पर खड़ा करते हैं, लेकिन जब उन्हें सहारे की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, तब वही बच्चे उन्हें छोड़ देते हैं। यह न केवल गलत है, बल्कि क्षमा के योग्य भी नहीं है। इस अवसर पर पूर्वांचल विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार सिंह के संयोजन में ह्यवृद्ध सम्मान कार्यक्रमह्न का आयोजन किया गया। कुलपति ने वृद्धजनों को माला पहनाकर उनका सम्मान किया, उनका हालचाल जाना और उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह और उप कुलसचिव अजीत प्रताप सिंह ने भी वृद्धों को खाद्य सामग्री वितरित की। कार्यक्रम में विवि शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. राहुल सिंह, प्रो. राकेश कुमार यादव, समन्वयक डॉ. राजबहादुर यादव, डॉ. प्रभाकर सिंह, डॉ. नीलेश सिंह, डॉ. अवधेश कुमार, डॉ. ममता सिंह, डॉ. अमित सिंह, चंदन कुमार, सत्यम सुंदरम मौर्य, रवि चौबे, अंशुमान, राजन पांडे, सुजीत प्रजापति और सागर कनौजिया मौजूद रहे। इस अवसर पर मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के छात्रों ने भी सेवा कार्य में सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निलेश कुमार सिंह ने किया।

# आलू बीज की विक्रय दरे निर्धारित

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जिला उद्यान अधिकारी ने अवगत कराया है कि निदेशालय उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रजातिवार आलू बीज विक्रय की दर निर्धारित की गयी है, जिसका विवरण निम्नवत है। बीज प्रजाति (कु0) आधारित प्रथम रुपये 3715, आधारित द्वितीय रुपये 3510, ओवर साइज (आ0प्र0) रुपये 2840, ओवर साइज (आ0द्वि0) रुपये 2785 दर (रू0/कु0 में है। सफेद एवं लाल आलू की प्रजातियों की विक्रय दर एक समान है। जिला उद्यान अधिकारी डॉ सीमा सिंह राणा ने बताया है कि कुल 300 कुन्तल आलू बीज आवंटन का लक्ष्य जनपद को प्राप्त हुआ है। आलू बीज वितरण प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर किया जायेगा। इच्छुक कृषक विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय से या प्रभारी 4401/आलू के दूरभाष नम्बर 8009664663 पर सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक विजयदशमी पर अभिमानी रावण का पुतला दहन

रामगढ़,सोनभद्र (उत्तरशक्ति)। असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक विजयदशमी का पर्व रामगढ़ कस्बे में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दशहरे के शुभ अवसर पर राम व रावण का झांकी निकाली गई जो शिव मंदिर से उठा और पूरे मार्केट में भ्रमण किया गया जिसमे हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे बताया जाता हैं की भगवान श्री राम और रावण के बीच भयंकर युद्ध हुआ युद्ध के दौरान रावण का अंत कठिन प्रतीत हो रहा था तभी रावण के भाई विभीषण ने श्री राम को उसकी कमजोरी बताई विभीषण ने बताया की रावण की नाभि हीं उसका जीवन केंद्र है विभीषण की बात पर श्री राम ने अग्निबाण साधकर रावण की नाभि पर प्रहार किया और अभिमानी रावण का वध कर दिया इसके साथ ही असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश जीवित हुआ जैसे ही मैदान में रावण का विशालकाय पुतला धू धू कर जलने लगा पूरा वातावरण जय श्री राम के गगनभेदी नारों से गूंज उठा अनुमानित हजारों की भीड़ इस अद्भुत दृश्य के साक्षी बने पुतला दहन के बाद दशहरे का मेला और भी



जीवित हो उठा बच्चे गुब्बारे, खिलौने, चाट, पकौड़ी, का आनंद उठाते दिखे वही बड़ों ने भी जलेबी खुरमा का स्वाद चखा पूरा वातावरण श्रद्धा और उल्लास से सराबोर हो उठा कार्यक्रम की सफलता और शांति व्यवस्था के लिए पन्नूगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा अपनी पुलिस टीम के साथ लगातार मुस्तेदी से लगे रहे उनकी देख रेख में विजयदशमी का पर्व सकुशल संपन्न हुआ इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में रामगढ़ के व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश केसरी युवा अध्यक्ष दुर्गेश केसरी, सुधीर सोनी, विक्की गुप्ता, चंद्रभान गुप्ता, आकाश केसरी, शिव गोविंद, उमर वैश्य, विक्की उमर वैश्य, गोलू सिंह, बादल सिंह, अंकित सिंह, विवेक केशरी, सागर सोनी, सतीश केशरी, हिमांशु गुप्ता, श्याम दयाल गुप्ता, किशन गुप्ता आदि सभी कस्बे के व्यापारियों की सराहनी भूमिका रही।

# पं.दीनदयाल उपाध्याय बृहत पशु आरोग्य मेले का हुआ आयोजन

सुजानगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। क्षेत्र के शिवरिहा ग्राम सभा में शुक्रवार के दिन डॉक्टर मिथिलेश सिंह पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दिनेश सिंह के सानिध्य में पंडित दीनदयाल उपाध्याय बृहद पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया जहां पर विभिन्न रोगों का 840 पशुओं का उपचार किया गया तथा दवाइयां निशुल्क वितरित की गई। जहां पर रोहित कुमार मौर्य पशुधन प्रसार अधिकारी, सूरज कुमार, धर्मेंद्र कुमार, रवि यादव, सुभाष मिश्रा, राजकुमार आदि पशु विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे तथा ग्राम प्रधान प्रमोद कुमार यादव, विजयनाथ त्रिवेदी, सीताराम यादव, सौरव यादव तथा अत्यधिक संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उपस्थित रही।

# उद्योगपति आशीष सिंह व आईपीएस आयुष ने माँ शीतला का किया दर्शन

## महंत विनय त्रिपाठी ने हवन और कन्या पूजन कराया संपादित, पुलिस और अफसरों ने बुके देकर किया स्वागत

खेतासराय,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। दिल्ली के चर्चित उद्योगपति आशीष सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक नगर आईपीएस आयुष श्रीवास्तव ने देर शाम माँ शीतला चौकियां धाम में दर्शन पूजन किये। उन्होंने हवन के साथ कन्या पूजन भी किए। धाम के महंत विनय त्रिपाठी ने दोनों लोगों का स्वागत किया। खेतासराय के खुदौली में प्रसिद्ध रामलीला में प्रख्यात ज्योतिषचार्य डॉ अवनीश सिंह विक्रम बघेल के मंचन भी देखा। उद्योगपति आशीष सिंह व आईपीएस आयुष श्रीवास्तव अपने माता पिता के साथ यहाँ देर शाम पहुँचे। माता शीतला चौकियां का दर्शन करने के पश्चात महंत विनय त्रिपाठी ने नव कन्याओं का पूजन कराया। उन्होंने नव कन्या का पैर छू कर आशीर्वाद लिया तथा प्रसाद ग्रहण के साथ दान भी किया।



उद्योगपति आशीष सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि माँ दुर्गा की कृपा से ही जीवन में सफलता मिलती है, उन्हीं की कृपा से ही हम सबका कल्याण होता है। माँ दुर्गा की तरह हमें बुरायी और अन्याय के खिलाफ खड़ा होना चाहिए। आईपीएस आयुष श्रीवास्तव ने कहा माँ दुर्गा की शक्ति से ही हम सबको बल मिलता है, माँ की कृपा से ही हम सबका कल्याण होता है। इस से पहले पुलिस और अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विवेक सिंह, प्रकाश सिंह भानु, मनीष सिंह, सौरभ सिंह सोनू, राजकुमार जायसवाल, रामआसरे पटेल, सुंदरम सिंह समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान

- समर्थ पोर्टल पर सकारात्मक सुझाव भेजकर अभियान में करें सक्रिय भागीदारी: जिलाधिकारी
- समर्थ पोर्टल पर विकसित भारत 2047 हेतु सुझाव देने में जनपद तीसरे स्थान पर

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। विकसित भारत 2047 की अवधारणा को साकार करने हेतु उत्तर प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा "समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047" अभियान चलाकर प्रदेश को वर्ष 2047 तक एक विकसित राज्य बनाने का संकल्प लिया गया है।

इस मिशन में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए एक समृद्ध और वैश्विक स्तर पर सम्मानित राज्य का निर्माण किया जाएगा। इस मिशन को दिशा प्रदान करने एवं पथ प्रदर्शन हेतु एक विजन डॉक्यूमेंट बनाया जाना है। दिये गये सुझाव में तीन सुझावों को विजन डॉक्यूमेंट में सम्मिलित किया जाएगा।

वर्तमान में समर्थ पोर्टल पर सर्वाधिक सुझाव देने में जनपद जौनपुर प्रदेश में तीसरे स्थान पर है जिसपर जिलाधिकारी ने जनपदवासियों, अधिकारियों, कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि इस अभियान में अधिक से अधिक सकारात्मक सुझाव दें जिससे हमारा जनपद पूरे प्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त करते हुए अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें तथा विकसित उत्तर प्रदेश की संकल्पना में भागीदार बनें। जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व में जनपद को शीर्ष पर लाने के लिए निरन्तर प्रयास किया जा रहा है जिससे समस्त जनपद वासियों की भागीदारी इस अभियान में सुनिश्चित कराई जा सके।

मुख्यमंत्री द्वारा वीसी के माध्यम से समस्त अध्यक्ष जिला पंचायत, ब्लॉक प्रमुख, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान आदि के साथ संवाद कार्यक्रम कर अधिक से अधिक लोगों को सकारात्मक सुझाव देने की अपील की गई है जिससे विकसित भारत की संकल्पना को आकार देने में जनसहभागिता सुनिश्चित करने के साथ ही लोगों के विचार को सम्मिलित किया जा सके। उन्होंने सभी से अपील किया है कि समर्थ पोर्टल पर अपने सकारात्मक विचार को अवश्य साझा करें जिससे 2047 तक देश को विकसित बनाने में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

उत्तर प्रदेश के विजन डॉक्यूमेन्टस की 03 थीम अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति, जीवन शक्ति तथा 12 सेक्टर पर ध्यान केंद्रित करते हुए जन भागीदारी एवं जन जागरूकता हेतु विभिन्न लक्षित। इसका उद्देश्य जनमानस में जागरूकता उत्पन्न करना तथा नागरिकों की आकांक्षाओं को संज्ञान में लेते हुये जनपद के नागरिकों को विकास में सहयोगी व सहभागी बनाते हुये गर्व की भावना को विकसित करना है। इस अभियान के अंतर्गत नागरिक अपने सुझाव सीधे ऑनलाइन पोर्टल https://samarthuttarpradesh.up.gov.in पर दर्ज कर सकते पोर्टल को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि इसे मोबाइल और कंप्यूटर, दोनों माध्यमों से आसानी से एक्सेस किया जा सके साथ ही क्यू आर कोड स्कैन कर भी फीडबैक साझा करने की सुविधा उपलब्ध है। सुझाव देने के लिए प्रतिभागियों को पोर्टल पर मोबाइल ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर विषय का चयन करना होगा और अपना विचार दर्ज कराना होगा।

यह अभियान किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं है, इसमें विद्यार्थी, शिक्षक, किसान, व्यापारी, उद्यमी, श्रमिक संगठन, स्वयंसेवी संगठन, मीडिया और आम नागरिक सभी अपनी भागीदारी दर्ज करा सकते हैं। उद्देश्य यह है कि प्रत्येक परिवार से कम से कम एक फीडबैक अवश्य प्राप्त हो, ताकि राज्य का विजन व्यापक हो सके। क्यूआर कोड और पोर्टल के जरिए यह प्रक्रिया इतनी सरल बनाई गई है कि छात्र, किसान, गृहिणी या व्यापारी हर कोई अपने विचार तुरंत दर्ज करा सकता है।

# स्व0 रामकिशोर यादव सेवा समिति द्वारा संचालित बौद्धिक दिव्यांगता आश्रय गृह में हुआ सरस्वती पूजन

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। स्व0 रामकिशोर यादव सेवा समिति के तत्वावधान में बौद्धिक दिव्यांगता आश्रय गृह, बडउर जपटापुर में सरस्वती पूजन कार्यक्रम श्रद्धा एवं उल्लासपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन समिति अध्यक्ष राहुल यादव के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राजेश यादव ने बताया कि विजयदशमी बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है, अतः अज्ञानता पर ज्ञान के प्रकाश का प्रतीक स्वरूप सरस्वती पूजन का आयोजन किया गया। पूजन की विधि-विधान उपाध्यक्ष रीमा यादव एवं सचिव रंजीत यादव द्वारा सम्पन्न कराई गई। सचिव रंजीत यादव ने जानकारी दी कि समिति द्वारा संचालित आश्रय गृह में बौद्धिक दिव्यांग, बेघर, बेसहारा



एवं निराश्रित व्यक्तियों को रहने, खाने एवं दैनिक जीवन की मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं। कार्यक्रम में अध्यक्ष राहुल यादव एवं उपाध्यक्ष रीमा यादव ने जनमानस से अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं इस प्रकार के दिव्यांग अथवा निराश्रित व्यक्ति दिखाई दें तो संस्था को सूचित करें या उन्हें आश्रय गृह तक पहुँचाने में सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर समिति एवं क्षेत्र के गणमान्यजन उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख रूप से रामबहादुर यादव, सतीश यादव, दिनेश यादव, शंभूनाथ, दीपचंद, नगीना बानो, रामसेवक, संदीप यादव, शुभम यादव, अंकित यादव, लाल बहादुर यादव, साक्षी यादव, शिखा यादव, विमल यादव, सुशील यादव, शीला यादव, दीपा यादव, खुशी यादव, जगदीश यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नीला सोंस द्वारा उद्यानों के समस्याओं की जानकारी के बाद जागा मनपा प्रशासन



**भायंदर।** मीरा भायंदर के विकास और नागरिक समस्याओं को लेकर लगातार सराहनीय काम कर रही भाजपा नगरसेविका नीला सोंस द्वारा प्रभाग क्रमांक 18 के सभी गार्डनों के निरीक्षण के दौरान नागरिकों को हो रही असुविधाओं की जानकारी मनपा प्रशासन को दी गई। उन्होंने बताया कि प्रशासन ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए गार्डन में बांधकाम रिपेयरिंग और ओपन जिम मेंटेनेंस का काम शुरू कर दिया है।अगले सप्ताह वॉकिंग ट्रैक की सफाई और ब्लीचिंग की जायेगी। पानी के प्याऊ का रखरखाव (मेंटेनेंस) भी बहुत जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने मनपा प्रशासन को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री एलबी शास्त्री की मनाई गई जयंती



**सिवान (उत्तरशक्ति)।** बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज प्रखंड के गांधी मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के मूर्ति व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर सीवान के एमएलसी विनोद जयसवाल महाराजगंज के एसडीओ अनीता सिन्हा, एसडीपीओ अमन कुमार , बीडीओ बिंदु कुमार, सीओ जितेंद्र कुमार के अलावा अन्य अधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। महापुरुषों के जयंती पर लोगों के बीच मिठाइयां बांटी गई। वहीं अनुमंडल कार्यालय में में भी अनुमंडल के एसडीओ ,अनीता सिन्हा ,एसडीपीओ अमन कुमार, डीसीएलआर अमन आनंद, अनुमंडल चुनाव अधिकारी दिलीप कुमार एम ओ रवि कुमार, रंजन कुमार के अलावा अन्य अधिकारी व अन्य सरकारी कर्मियों ने भी पुष्प अर्पित की।

## सड़कों के टेंडर स्वीकृति से वसई को सर्वांगीण विकास को मिली गति: स्नेहा दुबे



**वसई(उत्तरशक्ति)।** वसई तालुका के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। क्षेत्र की संघर्षशील और सक्रिय विधायक श्रीमती स्नेहा दुबे पंडित के सतत प्रयासों के फलस्वरूप राज्य सरकार द्वारा वसई की कई प्रमुख सड़कों के डामरीकरण, सुदृढ़ीकरण और सुधार कार्यों के लिए टेंडर स्वीकृत किए गए हैं। सरकार द्वारा जिन महत्वपूर्ण मार्गों के लिए विकास कार्यों को हरी झंडी दी गई है, उनमें शामिल हैं बापने से नायगांव, सातीवली से रेंज ऑफिस, रेंज ऑफिस से गोखिवारे झील, गोखिवारे झील से मानिकपुर, मानिकपुर से दत्ताणी माल, दत्ताणी माल से वसई गांव, वालिव से रेंज ऑफिस, बाभोला नाका से देव झील। इन सड़कों के निर्माण और मरम्मत से न केवल वसई के नागरिकों को रोजमर्रा की यात्रा में राहत मिलेगी, बल्कि क्षेत्र की संचार व्यवस्था सशक्त होगी। इन कार्यों से व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, वसई तालुका के सर्वांगीण विकास को गति मिलेगी और नागरिकों का जीवन स्तर बेहतर होगा। विधायक स्नेहा दुबे पंडित ने इस निर्णय पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा ह्वसई के नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता है। यह टेंडर स्वीकृति वसईवासियों के संघर्ष और उनके विश्वास की जीत है। हम हर क्षेत्र में विकास की रफ्तार बनाए रखेंगे ह्व वसई की जनता ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए विधायक के प्रयासों की सराहना की है।

## नागपुर ग्रामीण पुलिस की बड़ी कार्रवाई: जलालखेड़ा में महिला से गांजा बरामद



**नागपुर।** नागपुर ग्रामीण पुलिस की नशीली पदार्थ विरोधी पथक ने जलालखेड़ा क्षेत्र में गांजा बेचने वाली एक महिला को रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी महिला का नाम मालती गंगाराम शिरोदिया उर्फ मालती अशोक बेनिया (उम्र 48 वर्ष) है, जो वार्ड क्रमांक 03, जलालखेड़ा की निवासी है। गोपनीय सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में पुलिस ने महिला के घर से 2.1 किलो गांजा (कीमत 20,100/-), 6 चिलम (100/-), गांजा बिक्री की नकदी 5045/-, इलेक्ट्रॉनिक तौल काटा (5000/-), सैमसंग मोबाइल (रु.4320/-) तथा 180 एमएल की 54 देशी शराब की बोतलें बरामद की। जब्त सामग्री की कुल कीमत 34,565/- बताई गई है। इस कार्रवाई के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8(क), 20(ब) क्क(ख) और महाराष्ट्र पुलिस कानून की धारा 65 के तहत प्रकरण क्र. 488/2025 दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक हर्ष पोद्दार, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल मस्के, सहायक पुलिस अधीक्षक पराग पोटे के मार्गदर्शन में की गई। प्रमुख भूमिका में सपोनि अजीतसिंह देवर, प्रविण भिमटे, तथा उनकी टीम के अन्य अधिकारी व कर्मचारी शामिल थे।

## एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग पेश की

**पटना।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड (एलजीईआईएल) ने अपना इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग पेश किया है। यह ऑफर 07 अक्टूबर, 2025 को खुलेगा और 09 अक्टूबर, 2025 को बंद होगा। प्रति इक्विटी शेयर का मूल्य 1,080 रुपये से 1,140 रुपये निर्धारित किया गया है। एंकर निवेशकों के लिए बोली तिथि 06 अक्टूबर, 2025 तय की गई है। निवेशक कम से कम 13 इक्विटी शेयर और उसके बाद 13 के गुणक में बोली लगा सकेंगे। पात्र कर्मचारियों को प्रति शेयर ?108 का विशेष डिस्काउंट मिलेगा। इस आईपीओ में प्रमोटर, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंक द्वारा 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 101,815,859 इक्विटी शेयर्स की बिक्री शामिल है। इस ऑफर के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं एक्सिस कैपिटल, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया, मॉर्गन स्टेनली इंडिया, जे.पी. मॉर्गन इंडिया, और बोफा सिक्योरिटीज इंडिया। रजिस्ट्रार: केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड। शेयरों को एनएसई और बीएसई पर सूचीबद्ध किया जाएगा। ऑफर एसईबीआई आईसीडीआर रेगुलेशंस के तहत बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से लाया गया है, जिसमें क्यूआईबी, एनआईआई, रिटेल और कर्मचारियों के लिए नियमानुसार आरक्षण और आवंटन का प्रावधान है। अधिक जानकारी के लिए कृपया 30 सितंबर, 2025 को जारी प्राइस बैंड एडवरटाइजमेंट और रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) देखें।

## प्रताप सरनाईक फाउंडेशन एवं जीएम द्वारा आयोजित नवरात्रि महोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति )।** मीरा रोड में प्रताप सरनाईक फाउंडेशन एवं जीएम द्वारा आयोजित नवरात्रि महोत्सव 2025 हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य रूप से आयोजित किया गया। महाराष्ट्र राज्य परिवहन मंत्री एवं धाराशिव जिले के पालकमंत्री,व स्थानीय विधायक प्रताप इंदिराबाई बाबूराव सरनाईक के मार्गदर्शन एवं संकल्पना में यह भव्य महोत्सव 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक रामदेव पार्क स्थित सेवन इलेवन स्कूल के पास, एमबीएमसी ग्राउंड में बड़े धूमधाम से आयोजित किया गया। जहां पर हजारों नागरिकों ने इस दस दिवसीय महोत्सव में बढ़ चढ़कर भाग लिया और गरबा-डांडिया का आनंद लिया। मीरा -भायंदर में प्रसिद्ध गरबा गुरु भावीन शास्त्री एवं उनकी संगीत टीम के लाइव प्रदर्शन से लोग मंत्रमुग्ध हो गए और देर रात तक गरबा की धुन पर नृत्य करते रहे।

इस उत्सव की विशेषता यह है कि प्रतिदिन उत्कृष्ट गरबा प्रदर्शन करने वाले 10 प्रतिभागियों को जीएम के माध्यम से आकर्षक पुरस्कार दिए गए। इस प्रकार, 10 दिनों में कुल 100 विजेताओं का चयन किया गया। इन विजेताओं में से, रवि सोलंकी ने अंतिम दिन आयोजित भव्य समारोह म ेंजीएम नवरात्रि सुपरस्टार का खिताब जीता और दुबई का गोल्डन टिकट जीता। महिलाओं, पुरुषों, बच्चों और जोड़ों सहित सभी श्रेणियों में प्रतियोगिताएं विभिन्न वेशभूषा, उत्कृष्ट गरबा कौशल और रंगारंग भागीदारी के कारण रंगीन थीं, नवरात्रि के पारंपरिक उत्साह। आधुनिक सजावट और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं को मिलाकर यह उत्सव मीरा-भायंदर के सांस्कृतिक कैलेंडर में एक भव्य आयोजन बन गया। इस अवसर पर महाराष्ट्र राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप इंदिराबाई बाबूराव सरनाईक ने कहा नवरात्रि आनंद, एकता और भक्ति का पर्व है। हर साल इस पर्व के अवसर पर मीरा-भायंदर कर एक साथ आते हैं और अपनी संस्कृति का संरक्षण करते हैं। इतनी बड़ी संख्या में नागरिकों की भागीदारी से, हमारी कड़ी मेहनत सचमुच सफल हुई है। हम भविष्य में भी ऐसी सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करते रहेंगे।

## मंत्री नितेश राणे से नाव सेवा बढ़ाने हेतु मिले राजन नाईक



**वसई रोड।** विरार-सफाले के बीच नाव सेवाओं में जल्द ही इजाफा करने हेतु मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर बढ़ती भीड़भाड़ के कारण, नाव सेवाएँ यात्रियों के लिए सुविधाजनक होती जा रही हैं। लेकिन सीमित सेवाओं के कारण, यात्रियों को प्रतीक्षा करनी पड़ रही है। राज्य के बंदरगाह विकास मंत्री नितेश राणे से विरार (मरम्बल पाडा) और सफाले के बीच एक अतिरिक्त नाव की व्यवस्था करने का अनुरोध नालासोपारा विधायक राजन नाइक द्वारा किया गया है और मंत्री नितेश राणे ने समुद्री बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया है। इसलिए, जल्द ही यात्री विरार से सफाले तक तेज और अधिक सुविधाजनक यात्रा कर सकेंगे। इस मुलाकात में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष महेंद्र पाटील और भाजपा उपाध्यक्ष कपिल म्हात्रे उपस्थित थे।

## बारिश की बूंदों संग छलका आंसुओं का सागर : काशी में 482वीं बार जीवंत हुआ भरत मिलाप

सुरेश गांधी

**वाराणसी।** संस्कृति और परंपरा की धरोहर को अपनी सांसों में बसाए काशी ने शुक्रवार को फिर वही अद्भुत दृश्य देखाएं जिसने सदियों से भावनाओं की गंगा बहाई है। विजयादशमी के अगले दिन आयोजित ऐतिहासिक भरत मिलाप में इस बार बारिश ने जैसे भावनाओं की गहराई को और भी गीला कर दिया। नाटी इमली के भरत मिलाप मैदान में जब दशरथ पुत्रों का मिलन हुआ तो केवल आसमान से ही नहीं, भक्तों की आंखों से भी आंसुओं की बूंदें झरने लगीं। हालांकि इस बार भरत मिलाप का दृश्य और भी अद्भुत रहा। जैसे ही लीला का क्षण आयाए काशी के आकाश से फुहारें बरसने लगीं। श्रद्धालुओं की आंखों से आंसू और आसमान से गिरती बूंदें एकाकार हो गईं। चारों भाइयों का आलिंगन, राम - भरत का प्रेम और भक्तों की आंखों का भीगना, सब मिलकर उस क्षण को अलौकिकबना गए। मैदान में गूंज रहा जय श्रीराम... का उद्घोष बारिश के शोर से मिलकर आस्था का महापर्व रच रहा था। बारिश से भीगे भरत मिलाप के इस आयोजन ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि काशी सिर्फ एक शहर नहींए बल्कि संस्कृति का जीवित विश्वविद्यालय है। यहां की परंपराएं सिर्फ किताबों में नहींए बल्कि जीवन में सांस लेती हैं। चारों भाइयों के आलिंगन में जो प्रेम छलकाए वही प्रेम काशी की आत्मा है और वही प्रेम भारत की असली शक्ति भी है. काशी की पहचान सिर्फ उसकी गलियोंए घाटों और गंगा आरती से ही नहीं हैए बल्कि उन अनगिनत परंपराओं से भी है जो सदियों से यहां की धड़कन में बसती हैं। यही कारण है कि बनारस को सात दिन में नौ त्योहारों का नगर कहा जाता है। इन त्योहारों में सबसे ऐतिहासिक और भावनात्मक पर्व है भरत मिलापए जो विजयादशमी के अगले दिन नाटी इमली के मैदान में 482 वर्षों से लगातार आयोजित हो रहा है। इस बार भरत मिलाप की लीला को देखने उमड़ा आस्था का सैलाब बारिश की बूंदों के साथ घुल गया। गोधूली बेला में जब चारों भाइयों, राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न, का मिलन हुआ तो त्रेतायुग की भावनाएं साक्षात काशी की धरती पर उतर आईं। रामायण की कथा में जब श्रीराम 14 वर्ष का वनवास काटकर अयोध्या लौटे तो भरत उनसे मिलने दौड़े चले आए। उन्होंने प्रभु श्रीराम के चरण पकड़ लिए और उठने से इनकार कर दिया। तुलसीदास ने इस भावुक दृश्य को रामचरितमानस में अमर कर दिया... अर्थात, भरत जी भूमि पर पड़े हैंए उठाए नहीं उठते। तब कृपासिंधु श्रीराम ने उन्हें बलपूर्वक उठाकर हृदय से लगा लिया। श्रीराम के सांवले शरीर पर रोमांच खड़ा हो गया और उनकी



आंखों में प्रेमाश्रु उमड़ पड़े। यही भाव दृश्य रूप में आज भी काशी के नाटी इमली मैदान में जीवंत होता है। कहा जाता है कि 16वीं शताब्दी में गोस्वामी तुलसीदास ने काशी में रामलीला की परंपरा की नींव रखी थी। तभी से भरत मिलाप लीला यहां की सामाजिक, सांस्कृतिक धारा का हिस्सा बन गई। लक्खा मेले के रूप में प्रसिद्ध यह आयोजन हर वर्ष हजारों श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है। मान्यता है कि इस दिन काशी में प्रभु श्रीराम स्वयं अवतरित होते हैं और भरत से मिलते हैं। भरत मिलाप केवल लीला ही नहीं, बल्कि एक विशाल सामाजिक उत्सव भी है। इसे लक्खा मेला कहा जाता है क्योंकि यहां लाखों की संख्या में लोग उमड़ते हैं। नाटी इमली से लेकर आसपास की गलियों तक लोगों का सैलाब उमड़ पड़ता है। हर उम्र, हर वर्ग और हर समुदाय का व्यक्ति इस आयोजन में शामिल होता है। किसी के हाथ में छाताए किसी के सिर पर गमछा और किसी के ओठों पर सिर्फ रामद्दनाम, भीगते हुए भी किसी का मन वहां से हटने का नाम नहीं लेता।

काशी का भरत मिलाप केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि लोकजीवन की धड़कन भी है। यह आयोजन एक संदेश देता है कि भाईचारा, प्रेम और कर्तव्य सबसे बड़ा धर्म है। भरत का त्याग और राम का धैर्य, दोनों मिलकर यह बताते हैं कि सत्ता का मूल्य सेवा है और जीवन का मूल मंत्र परस्पर प्रेम। यही कारण है कि जब भरत मिलाप की लीला होती है तो सिर्फ हिंदू समाज ही नहींए बल्कि अन्य धर्मों के लोग भी इसे देखने आते हैं। काशी की पहचान उसके उत्सवों से है। यहां परंपरा केवल निभाई नहीं जाती, बल्कि जी जाती है। भरत मिलाप इसका जीवंत उदाहरण है। यह हमें त्याग और भक्ति का महत्व सिखाता है। यह भाईचारे और परिवार की एकता का संदेश देता है। यह बताता है कि सत्ता से बड़ा धर्म है, कर्तव्य और प्रेम। आज जब समाज में रिश्ते कमजोर हो रहे हैं और भाईचारे की डोर ढीली पड़ रही है, तब काशी का भरत मिलाप एक प्रेरणा है कि असली शक्ति प्रेम और समर्पण में है।

## 19 वर्षीय रोनित की हत्या, उसी की दुकान से फंदे से लटका मिला शव




**सिवान (उत्तरशक्ति)।** बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज थाना क्षेत्र के सिकटिया बाजार पर वृहस्पतिवार की सुबह एक 19 वर्षीय युवक का शव उसी के दुकान से फांसी के फंदे से लटका नंगा पाया गया। मृतक सिकटिया गांव लालजी टोला के स्व ओमप्रकाश पांडे का पुत्र रोनित कुमार पांडे बताया जाता है। रोशन सिकटीया बाजार पर ऐसी/कूलर रिपेयरिंग का काम करता था। उसी दुकान में वृहस्पतिवार को सुबह में लटके शव की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई। दुकान में लटके शव को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इसकी सूचना ग्रामीण व परिजन महाराजगंज पुलिस को दी। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को अंतिम दाह संस्कार के लिए सौंप दिया। मृतक के घर परिजनों में कोहराम मच गया। माता सुनीता देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक दो भाई है। मृतक अविवाहित था। घटना के बारे में मृतक के बड़े भाई चुनमुन ने बताया कि दो चार आदमी बुधवार की संध्या में मेरे छोटे भाई को लेकर कही चले गए। देर रात तक घर नहीं आया। वृहस्पतिवार की सुबह उसका शव दुकान में नंगे फंदे से लटका पाया गया। सभी लोग हद प्रद रह गए आखिर दुकान खुला है कैसे इसकी मौत हो गई है। एकत्रित लोगों की जितनी मुंह उतनी बात सुनने को मिल रही है। इस संबंध में महाराजगंज थाना के इंस्पेक्टर सुनील कुमार से बात की गई। बताया कि घटना घटी है, परिजनों के आवेदन मिलते हीं प्राथमिकी कर कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

## नारायण ज्ञान धाम में जली बापू की मशाल, पूर्व आईजी ने रखी विचार गोष्ठी



**सुल्तानपुर।** विद्यार्थियों के लिए ज्ञान का प्रेरणा स्थल बन चुका बीबीपुर तिवारी गांव में स्थित नारायण ज्ञान धाम में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर पूर्व पुलिस महानिरीक्षक बीके त्रिपाठी द्वारा विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। करीब एक दर्जन विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के विषय में अपने विचार रखे। सभी विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धक पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रवक्ता उदयभान सिंह नेकी। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य इंदुशेखर उपाध्याय ने गांधी जी से जुड़े अनेक प्रसंगों को याद किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पंडित रामपाल मिश्र और ज्ञानेश विक्रम सिंह ने महात्मा गांधी को राष्ट्र नायक की संज्ञा दी। इस अवसर पर प्रमुख वक्ता के रूप में प्रहलाद तिवारी, ठाकुर प्रसाद तिवारी, आसाराम प्रजापति, विजय बहादुर सिंह, उपेंद्र तिवारी तथा मुंबई के वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे ने गांधी जी से जुड़े विचार रखे। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख लोगों में चंद्रभूषण तिवारी, एडवोकेट वाल्मीकि तिवारी, हौसला प्रसाद तिवारी, घनश्याम प्रजापति, विष्णु यादव आदि का समावेश रहा। कार्यक्रम का सुंदर संचालन हरिश्चंद्र श्रीवास्तव ने किया। अंत में कार्यक्रम के आयोजक पूर्व आईजी बीपी त्रिपाठी ने आज के दौर में भी गांधी जी की प्रासंगिकता को महत्वपूर्ण बताते हुए समस्त लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विश्व में बज रहा भारत का डंका : एसएम खान




**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में पूरे देश में चल रहे सेवा पखवाड़ा के बीच आज सत्यवादी संस्था एनजीओ के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा बीजेपी महाराष्ट्र अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष एसएम खान की तरफ से वसोर्वा विधानसभा के आनंद नगर वार्ड क्रमांक 61 में स्थित भाजपा कार्यालय के सामने चश्मा वितरण, हार्ट चेकअप, अस्थमा चेकअप, डायबिटीज चेकअप जैसी अनेक बीमारियों का मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में हरियाणा के राज्य मंत्री तथा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी जाकिर हुसैन, उत्तर पश्चिम जिलाध्यक्ष ज्ञान मूर्ति शर्मा तथा मुंबई अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष वसीम खान के हाथों सैकड़ो लोगों को चश्मा दिया गया ।इस मौके पर मंडल अध्यक्ष विजय पाठक वसोर्वा मंडल अध्यक्ष स्नेहित नागा, संजय साहनी, रितेश यादव, राजेंद्र कुमार दुबे, पंकज शर्मा, सैयद आरिफ हयात, सुमित ,राजीव चौहान ,सुनील दुबे, सायरा शेख, सरिता ढागे समेत अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। । एसएम खान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत का पूरे विश्व में डंका बज रहा है। विश्व के ताकतवर देशों में भारत का नाम दर्ज हो चुका है। उन्होंने कहा कि आज भारत आत्मसम्मान और आत्मनिर्भर के साथ खड़ा है। वह दिन दूर नहीं हमारे देश की बनी चीजें विश्व बाजार में छा जाएंगी। उन्होंने कहा कि हमारा देश विश्व गुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

## ग्रामीण सेवा शिविरों में अब तक सैकड़ों जनों ने पिया काढा



**उदयपुरवाटी।** चल रहे ग्रामीण सेवा शिविरो में विभिन्न विभागों द्वारा दी जा रही सेवाओं से लोगों को घर बैठे ही लाभ मिल रहा हैं और लाभार्थी सेवा लेकर खुश नजर आ रहे हैं।लोगों की समस्याओं के समाधान हेतु ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में सरकार द्वारा यह शिविर संचालित किये जा रहे हैं और जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लोगों को मौके पर ही लाभ मिल रहा है। इसी कड़ी में आयुर्वेद विभाग द्वारा भी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा शिवर लगाकर आयुर्वेद की सुलभ औषधियो से इलाज को जन जन तक पहुंचाने का काम चिकित्सकों ने किया है।ब्लॉक नोडल आयुर्वेद अधिकारी डॉ राजेंद्र कुमावत ने बताया कि गुरुवार तक कैंपों के माध्यम से 1648 जनों ने काढ़ा पिया है और 1222 रुग्णजनों को आयुर्वेद चिकित्सा का लाभ दिया गया।उन्होंने कहा कि आयोज्य कैंपों में आयुर्वेद कर्मी सेवा तो दे ही रहे हैं साथ ही सेहत के लिए स्वस्थ खान-पान एवं दिनचर्या के बारे में भी लोगों को आवश्यक जानकारी दे रहे हैं।आयोजित होने वाले शिविरों में नाडी परीक्षण,क्वाथ वितरण,विधकर्म - मर्म थैरेपी,अग्निकर्म, कैपिंग आदि विधियों से भी लोगों को चिकित्सकीय सेवा देकर रोगमुक्त व दर्द दूर करने की चिकित्सा कर रहे हैं/ पेन मैनेजमेंट में आयुर्वेद की सेवा दी जा रही है। बच्चों के लिए स्वर्ण-प्राशन की जानकारी भी दी जा रही है,स्वास्थ्य के लिए आहार कितना उपयोगी है, इसके बारे में भी आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा बताया जा रहा है,योग की महत्वता बताते हुए कौन से रोग में कौन सी योग मुद्रा फायदेमंद रहती है और हेल्दी रहने के लिए कौन से योग करने चाहिए इसके बारे में भी विस्तृत जानकारी दी जा रही है ।आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने का काम इन शिविरों में हुआ है और इसी मुख्य उद्देश्य को लेकर चिकित्सा शिविरों में आयुर्वेद विभाग अपनी सेवा दे रहा है।






## एक्सेल और टाइगर ग्लोबल बैक्ड इंफ्रा.मार्केट द्वारा गोपनीय प्रक्रिया के जरिए DRHP दाखिल

ठाणे। एक्सेल और टाइगर ग्लोबल बैक्ड इंफ्रा.मार्केट भारत के सबसे तेजी से बढ़ते बिल्डिंग मटेरियल प्लेटफॉर्म्स में से एक है और इसने बाजार सूत्रों के अनुसार, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) के पास गुप्त रूप से अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (DRHP) दाखिल किया है। विकास से जुड़े लोगों के मुताबिक, कंपनी लगभग 4,500 से 5,000 करोड़ जुटाने का सोच रही है, जो नए शेयर जारी करने और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा ऑफर फॉर सेल (OFS) के संयोजन के जरिए होगा।

यह फाइलिंग रएइकके गोपनीय या प्री-फाइलिंग रूट के तहत की गई है, जो रएइक (पूंजी निर्गम और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2018 के अंतर्गत आता है। इस प्रक्रिया के जरिए कंपनियां अपना ड्राफ्ट ऑफर डॉक्युमेंट सार्वजनिक करने से पहले उसे निजी तौर पर रेगुलेटर के साथ साझा कर सकती हैं। सूत्रों के मुताबिक, कंपनी ने कोटक इनवेस्टमेंट बैंकिंग, ल्यइउ और गोल्डमैन सैक्स को अपने मर्चेंट बैंकर्स के रूप में नियुक्त किया है। हालांकि, कंपनी या उसके प्रवक्ता ने IPO से जुड़ी किसी भी जानकारी या समयसीमा का खुलासा करने से मना कर दिया। हाल ही में, इंफ्रा.मार्केट ने सीरीज फंडिंग राउंड में 730 करोड़ जुटाए, जिससे प्रस्तावित IPO से पहले कंपनी की बैलेंस शीट और अधिक मजबूत हुई है। विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फंडिंग में कंपनी का मूल्यांकन 24,600 करोड़ ($2.8 बिलियन) बताया गया है। इंफ्रा.मार्केट, जिसकी स्थापना 2016 में सौविक सेनगुप्ता और आदित्य शारदा ने की थी, भारत का सबसे तेजी से बढ़ता बिल्डिंग मटेरियल प्लेटफॉर्म है, जो निर्माण क्षेत्र की पूरी वैल्यू चेन के लिए शुरूआत से अंत तक समाधान प्रदान करता है। 250+ निर्माण इकाइयों के मजबूत नेटवर्क और फ्छ्छ कंक्रीट, शालीमार पेंट्स, एमसर, मिलेनियम टाइल्स और एमस्ट्रैड में रणनीतिक निवेशों के साथ, कंपनी पूरे भारत में 10,000+ रिटेल टचपॉइंट्स के जरिए काम करती है।

# वसई पूर्व में आरएसएस ने मनाया विजयादशमी उत्सव



ब्यूरो-लालशेखर सिंह

वसई (उत्तर शक्ति)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना 27 सितंबर 1925 में केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा की गयी थी। आर. एस. एस. 2025 में अपने सौ वर्ष पूर्ण कर चुका है। लगभग83 हजार शाखाओं और 1करोड़ से अधिक स्वयं सेवकों की विशाल संख्या के साथ यह दुनिया का सबसे बड़ा संगठन होने की दावेदारी करता है। संघ की शाखा वह स्थान है जहाँ व्यक्ति का निर्माण किया जाता है।आर. एस. एस. देश की सेवा और सहयोग में सर्वकाल उपस्थित रहता है फिर चाहे बाह्य शत्रुओं का आक्रमण हो या प्राकृतिक आपदा की त्रासदी। आर. एस. एस. धर्म, समाज भाषा, संप्रदाय क्षेत्र की परिधि से परे रहकर सर्वकाल अखंड राष्ट्र मंगल का चिंतन करते हुए कार्य करता है। आदिवासियों के उत्थान सहित हिंदुओं का धर्म परिवर्तन कराने वालों का विरोध भी करता है।आज सौ वर्ष पूर्ण होने पर आर. एस.एस. अपनी जयंती मना रहा है।इसी क्रम में वसई पूर्व स्थित के. के.सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल के सामने यशवंत एम्पायर बिल्डिंग में 2 अक्टूबर, विजया दशमी को वसई पूर्व नगर के कार्यवाह आनंद पोट्टी के द्वारा विजया दशमी उत्सव का आयोजन किया गया।जिसमें कार्यकताओं का मार्गदर्शन करने के लिए हरिओम शर्मा (प्रान्त संयोजक गौ सेवा गतिविधि) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे।भारी संख्या में उपस्थित कार्यकताओं और क्षेत्र के नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि विजयादशमी २०२५ के पावन दिवस पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस अवसर पर हम राष्ट्रप्रेमी बंधु-भगिनी पंच परिवर्तन- सामाजिक समरसता,स्वःबोध, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण इन पंच बिंदुओं पर अपने जीवन मे निरंतर आचरण करते हुए भारत को सशक्त, संगठित, समृद्ध एवं आत्म निर्भर करने का संकल्प लें। इस उत्सव में मुख्य अतिथि संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या कृति जस,नगर संघ संचालक के. सत्यन,नगर कार्यवाह आनंद पोट्टी,नगर सर कार्यवाह तेज सिंह, मुख्य शिक्षक अभिनव दुबे,विधायिका स्नेहा दूबे पंडित, संघ सदस्य की वेशभूषा में पूर्व नगर सेवक किरन भोईर, सहित वरिष्ठ पत्रकार लालशेखर सिंह, सुप्रसिद्ध समाजसेवी बिजेंद्र सिंह,अमित राठौर,अशोक कुमार सिंह, विक्रम शुक्ला, अंकुश कदम, हेमंत सिंह, रितेश मिश्रा,राकेश तिवारी, विजय मौर्य,लोकेश सिंह, उत्सव प्रमुख सर्वेश तिवारी उपस्थित थे। इस उत्सव का कुशलता पूर्वक सूत्र संचालन रुद्र प्रकाश मिश्र ने किया।

## मुजफ़्फ़रपुर में रिलायंस ज्वेल्स के नए फेस्टिव कलेक्शन का शुभारंभ

मुजफ़्फ़रपुर। इस दिवाली, रिलायंस ज्वेल्स ने अपने नए फेस्टिव कलेक्शन का भव्य शुभारंभ किया। नया कलेक्शन त्योहार, धनतेरस और शादियों के अवसरों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है।कलेक्शन में दिवाली से प्रेरित डिजाइन शामिल हैं, जैसे लक्ष्मी-प्रेरित आकृतियाँ, रंगोली, लालटेन, दीये, कमल और मोर के फूल, जिन्हें सोने और हीरों से सजाया गया है। इसमें इयररिंग्स, चोकर, लॉन्ग नेकलेस, चूड़ियाँ और रिंग्स जैसे आकर्षक आभूषण उपलब्ध हैं। ग्राहकों को 100 प्रतिशत ओल्ड गोल्ड एक्सचेंज वैल्यू के साथ-साथ सोने के मेकिंग चार्ज पर 45 प्रतिशत तक और हीरों पर 35 प्रतिशत तक की छूट का लाभ मिलेगा।

## गांधी जयंती पर कवि सम्मेलन सम्पन्न




मुंबई (उत्तरशक्ति)। गांधी जयंती और हिंदी पत्रिका सम्राट इनफार्मेशन की स्थापना दिवस पर मैसूर आडिटोरियम, माटुंगा सेंट्रल, मुंबई में एक अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें हास्य सम्राट सुरेश मिश्र के सफल संचालन व गीतकार पं. के.एस.मिश्र (पूर्व अतिरिक्त आयुक्त) की अध्यक्षता में हाशिम फिरोजाबादी (फिरोजाबाद), महेंद्र मधुर (इंदौर),कुंवर जावेद (कोटा), सुश्री माधुरी किरण (बालाघाट), कामता माखन (रीवा) और विजय प्रकाश शुक्ल ने अपनी कविताओं से मंत्र मुग्ध कर दिया। फिरोजाबाद से पधारे हाशिम फिरोजाबादी की कविताओं का श्रोताओं ने खड़े होकर अभिनंदन किया। दशहरे पर आयोजित इस ऐतिहासिक कवि सम्मेलन में डाक्टर कीर्ति पटेल, दीपक कुमार लाला (एमडी एसबीआई), अखिलेश पांडेय (जीएसटी कमिश्नर), दीपक कुमार गुप्ता (एफजीएम इंडियन बैंक), विवेक पांडेय (कमिश्नर जीएसटी), रवींद्र सिंह (क्षेत्रीय प्रबंधक इंडियन बैंक), एक. के. सिंह (अतिरिक्त आयुक्त), वी.पी.शुक्ला (अतिरिक्त आयुक्त), दीपक बक्षी (ईडी ओएनजीसी), डाक्टर रमेश शर्मा, पत्रिका के प्रमुख राजेंद्र पांडेय सहित भारी संख्या में साहित्य रसिक उपस्थित थे। अंत में राजेश मिश्रा ने सबके प्रति आभार व्यक्त किया।

# महाराष्ट्र का सबसे बड़ा गरबा नमो रमो नवरात्री 2025 संपन्न



मुंबई। महाराष्ट्र के सबसे बड़े गरबा के रूप में ख्याति प्राप्त डोंबिवली का नमो रमो गरबा अब केवल गरबा प्रेमियों के लिए ही नहीं, बल्कि देवी भक्तों के लिए भी आस्था का केंद्र बन चुका है। शहर के छत्रपति शिवाजी महाराज चौक स्थित सावळाराम महाराज क्रीड़ा संकुल में बनाए गए विशाल पंडाल में प्रवेश करते ही श्रद्धालुओं का स्वागत भव्य और पवित्र अंबे माता के मंदिर से किया गया। इस मंदिर की सजावट प्रतिदिन अलग-अलग रंगों के ताजे फूलों से की जाती थी, जो बेहद आकर्षक और अभिनव थी। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने कहा कि इस वर्ष गरबा केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रहा, बल्कि यह आस्था और भक्ति का केंद्र बन गया था। मुंबई और पूरे महाराष्ट्र में डोंबिवली का नमो रमो गरबा अब बेहद चर्चित हो गया है। सांस्कृतिक राजधानी के रूप में डोंबिवली की पहचान पहले से ही है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से नमो रमो नवरात्री के नाम से महाराष्ट्र का सबसे बड़ा नवरात्र उत्सव भी यहीं मनाया जा रहा है। इस उत्सव में देश-विदेश के नामी गरबा कलाकार भाग लेने के लिए उत्सुक रहते हैं। इस वर्ष सुप्रसिद्ध गायक निलेश गढवी, अल्पाबेन पटेल, राहुल पुरेचा, माधवी श्रीवास्तव और अंशिका चोणकर ने नवरात्रि के नौ दिनों तक अपनी शानदार प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में रंग भर दिए। इसके साथ ही सिंधुदुर्ग के भजनी मंडलों के जोशपूर्ण प्रदर्शन ने इस वर्ष का विशेष आकर्षण बढ़ा दिया था। देवीमाहात्म्य पारायण, चंडीपाठ, ललिता सहस्रनाम के अवसर पर हुए वैदिक मंत्रोच्चार से पंडाल में दिव्य नादब्रह्म और सुरों का अनुभव हो रहा था, जिसकी भावुक अनुभूति देवी भक्तों ने साझा की। केवल कल्याण-डोंबिवली ही नहीं, बल्कि ठाणे, मुंबई, वाशी, पालघर और मुंबई के बाहर से भी पारंपरिक वेशभूषा में सजे युवा गरबा प्रेमी इस नमो रमो नवरात्री में उत्साह के साथ शामिल हुए। हर साल की तरह इस बार भी प्रसिद्ध आर्ट डायरेक्टर संजय धवड़े ने शानदार सेट तैयार किया था। इस वर्ष लगभग 70 हजार वर्ग फुट में फैला एक पूर्णतः वातानुकूलित खेल क्षेत्र (प्लेयिंग एरीना) बनाया गया था। इसके लिए स्वस्तिक इवेंट्स के अनिल पासड ने 135 फुट .500 फुट का विशाल एसी डोम तैयार किया था।

## सफेद चावल और मैदा से बढ़ रहा हार्ट अटैक का खतरा



मुंबई। मुंबई और महाराष्ट्र की थाली में सफेद चावल और मैदे से बनी रोटियां या ब्रेड आम हैं। लेकिन डॉक्टरों का कहना है कि यही खाने की आदत दिल की बीमारियों को बढ़ावा दे रही है। वर्ल्ड हार्ट डे से पहले यह चेतावनी दी गई है कि ज्यादा सफेद चावल और मैदा खाने से हार्ट अटैक का खतरा कई गुना बढ़ सकता है। सफेद चावल और मैदा जब प्रोसेस किए जाते हैं तो इनमें से फाइबर और जरूरी पोषक तत्व निकल जाते हैं। बचता है सिर्फ स्टार्च, जो शरीर में बहुत जल्दी शुगर में बदल जाता है। बार-बार शुगर बढ़ने से शरीर में सूजन आती है और धमनियों में प्लाक जमने लगता है। यही प्लाक दिल की नलियों को जाम कर देता है और हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। डॉ. मित के. कोठारी कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट कार्डियोहेल्थ सेंटर, मुलुंड कहते हैं, मुंबई जैसे शहर में जहां रोजाना लोग सफेद चावल खाते हैं, वहां युवाओं में भी दिल की बीमारी तेजी से बढ़ रही है। परहेज के बजाय हमें संतुलन की जरूरत है। सफेद चावल की जगह ब्राउन राइस, ज्वार-बाजरा या साबुत गेहूं खाना चाहिए। साथ ही मौसमी सब्जियां और सलाद ज्यादा लेना चाहिए और नमक व प्रोसेस्ड फूड को कम करना चाहिए। अध्ययनों में पाया गया है कि अगर रोज की कुल कैलोरी का आधे से ज्यादा हिस्सा सफेद चावल और मैदा जैसे रिफाइंड काबोर्हाइड्रेट से आता है, तो मौत का खतरा बढ़ जाता है। वहीं, ग्राउंडनट, सरसों या तिल के तेल जैसे अच्छे तेल दिल के लिए फायदेमंद साबित होते हैं।

# बीएसयूपी योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को सौंपी जाएगी घरों की चाबी: मंत्री सरनाईक



-तारकेश्वर पांडे

मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)। मीरा-भायंदर शहर निगम काशीमीरा जनता नगर बस्ती में बीएसयूपी शहरी गरीबों के लिए बुनियादी सेवाएं योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को जल्द ही मकान उपलब्ध होंगे। पिछले कई वर्षों से लंबित इस योजना को लेकर नागरिकों में असंतोष था। इसे गंभीरता से लेते हुए, महाराष्ट्र राज्य परिवहन मंत्री और धाराशिव जिले के पालक मंत्री प्रताप इंदिराबाई बाबूराव सरनाईक ने तत्काल कदम उठाए हैं। मंत्री सरनाईक ने मनपा और आवास विभाग को सभी तकनीकी समस्याओं का तुरंत समाधान कर पात्र लाभार्थियों को जल्द से जल्द घरों की चाबी देने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। साथ ही, यह भी पता चला है कि इस योजना के तहत कुछ फ्लैट फर्जी लाभार्थियों के नाम पर आवंटित किए गए हैं, और उन्होंने मीरा-भायंदर वसई-विरार के पुलिस उपायुक्त, अपराध शाखा को ऐसे फर्जी आवंटनों की जाँच करने और दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज करने के निर्देश भी दिए हैं। साथ ही, पात्र नागरिकों की सटीक सूची प्राप्त करने के लिए एक महीने के भीतर बायोमेट्रिक सर्वेक्षण पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में बोलते हुए मंत्री सरनाईक ने कहा, मेरी प्राथमिकता मीरा-भायंदरकर की आवास समस्या का समाधान ढूंढना है। हमारा लक्ष्य है बीएसयूपी योजना के तहत पात्र नागरिकों को सुरक्षित और स्थायी घर उपलब्ध कराना है। हम जल्द ही लाभार्थियों को घरों की चाबियां सौंप देंगे और उनके सपनों को साकार करेंगे। इस निर्णय से मीरा-भायंदर के सैकड़ों परिवारों को राहत मिलेगी और यह शहर के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

# स्नेहा दुबे ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान में लिया भाग




मुंबई। श्री रामशेठ ठाकुर सामाजिक विकास मंडल, सभागार, मार्केट यार्ड, पनवेल शहर में भारतीय जनता पार्टी उत्तर रायगढ़ जिला की ओर से पनवेल शहर स्थित श्री रामशेठ ठाकुर सामाजिक विकास मंडल सभागार में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान कार्यशाला - 2025 का भव्य आयोजन बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। हर घर स्वदेशी - घर-घर स्वदेशी के नारे के अनुरूप, इस कार्यशाला में आत्मनिर्भर भारत अभियान की अवधारणा पर विस्तृत मार्गदर्शन वसई विधायक स्नेहा दुबे पंडित ने दिया और महाराष्ट्र राज्य सह-संयोजक के रूप में स्नेहा दुबे उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकताओं को अभियान की जानकारी दी गई और स्वदेशी के माध्यम से आर्थिक और सामाजिक मजबूती कैसे प्राप्त की जा सकती है, इस पर बल दिया गया। इस कार्यशाला में ठाणे-कोंकण संभाग संयोजक अभिजीत पेडणेकर, भाजपा उत्तर रायगढ़ जिला अध्यक्ष अविनाश कोली, भाजपा उत्तर रायगढ़ जिला महामंत्री नितिन पाटिल, श्रीमती चारुशीला घरात, दिलीप बेहरे सहित बड़ी संख्या में जिला एवं मंडल पदाधिकारी उपस्थित थे। यह विश्वास व्यक्त किया गया कि यह कार्यशाला आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को सुदृढ़ करेगी, स्थानीय स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा देगी और युवाओं में आत्मनिर्भरता की भावना को सुदृढ़ करेगी।

## आई साइट आईकेयर एंड सर्जरी लेकर आया Envision by InMode मुंबई में




मुंबई। प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉ. निखिल नास्ता के नेतृत्व में आई साइट आईकेयर एंड सर्जरी ने महाराष्ट्र में पहली बार Envision by InMode तकनीक की शुरूआत की है। यह क्रांतिकारी उपचार न केवल ड्राई आई (सूखी आँखों) की जड़ कारण पर काम करता है, बल्कि आँखों के आसपास की सौंदर्य संबंधी समस्याओं को भी संबोधित करता है। भारत में बढ़ते स्क्रीन टाइम, प्रदूषण और जीवनशैली की वजह से ड्राई आई की समस्या लगातार बढ़ रही है। पारंपरिक आई ड्रॉप्स केवल अस्थायी राहत देते हैं, जबकि Envision प्राकृतिक आँसू उत्पादन को बहाल कर सूजन कम करता है और लंबे समय तक आराम देता है। Envision क्यों है खासः कारण पर सीधा असर Forma-कतकनीक से मेइबोमियन ग्रंथियों को अनब्लॉक कर प्राकृतिक आँसू प्रवाह को बहाल करता है। सूजन पर नियंत्रण – Lumecca-I, दुनिया की अग्रणी IPL तकनीक, पलकों की सूजन को कम करती है। लंबे समय तक राहत -सिर्फ लक्षणों को छिपाने के बजाय स्थायी परिणाम देती है। तेज और आरामदायक 10-12 मिनट की छोटी सिटिंग, बिना किसी रिकवरी टाइम के। सुरक्षित और प्रमाणित वैश्विक शोध और सफलता की कहानियों से समर्थित।

# शैक्षणिक संस्थानों में मनाई गई महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती




सिवान (उत्तरशक्ति)। बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज शहर के गोरख सिंह बी०एड० कॉलेज में बृहस्पतिवार को गांधी जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। साथ ही उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया । इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सह निदेशक प्रो अभय कुमार सिंह ने कहा कि गांधी जी के आदर्शो ,विचारों एवम राष्ट्रीय आंदोलन में उनके योगदान के लिए देश हमेशा ऋणी रहेगा। उन्होंने उपस्थित सभी प्रशिक्षुओं को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों को जीवन आदर्श पालन करने के लिए कहा । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शैक्षणिक निदेशिका श्रीमती वीणा सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी का शांति, सहिष्णुता और सत्य का संदेश पूरी मानवता के लिए प्रेरणा स्रोत है। निदेशिका ने सभी लोगों से सत्य और अहिंसा का पथ अपनाने और देश की प्रगति के लिए प्रतिबद्ध रहने का आग्रह किया । मौके पर प्राचार्य डॉ अश्वनी कुमार सिंह ने कहा कि एक तरफ जहॉं विश्व बंधुत्व के लिए महात्मा गांधी की सत्य और अहिंसा की नीतियां आवश्यक है वहीं शास्त्री जी की नीतियॉं हमें देश की सुरक्षा के लिए सर्वस्व त्याग की प्रेरणा देती है । इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ अर्चना मिश्रा,डॉ संदीप तिवारी,डॉ राजनाथ,डॉ मंजीत कुमार,डॉ सोनू कुमार यादव,श्री रामवृक्ष,श्री मनोज कुमार,श्री सत्य प्रकाश, श्री सुनील गिरी,श्रीमती कृष्णा सिंह,श्री राहुल सिंह इत्यादि मौजूद रहे ।

# माटुंगा पूर्व में आरएसएस ने मनाया संघ शताब्दी वर्ष



- राजकुमारअग्रहरि

मुंबई (उत्तरशक्ति)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना 27 सितंबर 1925 में केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा की गयी थी। आर. एस. एस. 2025 में अपने सौ वर्ष पूर्ण कर चुका है।लगभग 83 हजार शाखाओं और 1करोड़ से अधिक स्वयं सेवकों की विशाल संख्या के साथ यह दुनिया का सबसे बड़ा संगठन होने की दावेदारी करता है। संघ की शाखा वह स्थान है जहाँ व्यक्ति का निर्माण किया जाता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश की सेवा और सहयोग में हमेशा उपस्थित रहता है फिर चाहे वाह्य शत्रुओं का आक्रमण हो या प्राकृतिक आपदा की त्रासदी। आर. एस. एस. धर्म, समाज भाषा, संप्रदाय क्षेत्र की परिधि से परे रहकर सर्वकाल अखंड राष्ट्र मंगल का चिंतन करते हुए कार्य करता है। आदिवासियों के उत्थान सहित हिंदुओं का धर्म परिवर्तन कराने वालों का विरोध भी करता है। आज सौ वर्ष पूर्ण होने पर आर. एस.एस. अपनी जयंती मना रहा है। इसी क्रम में माटुंगा पूर्व माटुंगा नगर सिद्धिविनायक भाग में 2 अक्टूबर, विजया दशमी पथ संचलन वी एन वैद्य उद्यान नप्पू रोड, हिंदू कॉलोनी, दादर होते हुए सेवा भारती हाल अखिल भारतीय महिला परिषद् शंकर मठम माटुंगा में समाप्त हुआ। माटुंगा पूर्व नगर के कार्यवाह जगदीश पटेल के द्वारा विजया दशमी उत्सव का आयोजन किया गया।जिसमें रमेश खन्ना संघ संचालक माटुंगा नगर , परेल विभाग कार्यवाहक रमेश जैन, राजकुमार अग्रहरि, अनिल सिंह सिद्धिविनायक भाग प्रचार टोली व सोशल मीडिया आयाम प्रमुख , मुख्य अतिथि जयंत लापसिया उद्योग जनक व समाजसेवी, प्रमुख वक्ता संजय गंगाधर राव पाचपोर ( राष्ट्रीय संगठन मंत्री सहकार भारती ) ने सेवा भारती हाल में कार्यकताओं का मार्गदर्शन करने के लिए उपस्थित थे। भारी संख्या में उपस्थित कार्यकताओं और क्षेत्र के नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि विजयादशमी २०२५ के पावन दिवस पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस अवसर पर हम राष्ट्रप्रेमी, बंधु-भगिनी पंच परिवर्तन- सामाजिक समरसता,स्वःबोध, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण इन पंच बिंदुओं पर अपने जीवन मे निरंतर आचरण करते हुए भारत को सशक्त, संगठित, समृद्ध एवं आत्म निर्भर करने का संकल्प लें।

## मुंबई में नवरात्रोत्सव की धूम, जय अंबे सांस्कृतिक मंडल द्वारा भव्य आयोजन



मुंबई। नवरात्रि के पावन अवसर पर पूरे भारतवर्ष की तरह मुंबई में भी भक्ति और उत्सव का माहौल देखने को मिला। हर गली, हर नुक्कड़ ₹जय माता दी₹ के नारों से गूंज उठा। जगह-जगह घटस्थापना और भव्य नवरात्रोत्सव का आयोजन किया गया, जहाँ श्रद्धालु भारी संख्या में माता रानी के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे। बांद्रा (पूर्व) स्थित ₹जय अंबे सांस्कृतिक मंडळ₹ द्वारा आयोजित नवरात्रोत्सव में विशेष आकर्षण देखने को मिला। आयोजकों द्वारा सस्नेह निमंत्रण पर आए हुए श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त किया। दुर्गा माता जी को लगे भोग का महाप्रसाद भी सभी को वितरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मधुकर विचारे द्वारा उपस्थित अतिथियों का माता जी की चुनरी और श्रीफळ (नारियल) भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। उन्होंने सभी मेहमानों और भक्तों का आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर समाजसेविका और ज्योतिषाचार्य श्रद्धा गोरगे, सुखबिंदर सिंह (लाला भाई), तथा स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता, गृह संकुल प्रतिनिधि सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी ने एक-दूसरे को नवरात्रि और दशहरे की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। पूरे आयोजन में भक्तिभाव, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और श्रद्धालुओं की आस्था देखने लायक थी। नवरात्रि की यह भक्ति लहर आने वाले दशहरे तक यूं ही पूरे जोश और श्रद्धा से जारी रहने की उम्मीद है।

# सांसद ने एनडीए सरकार की गिनाई उपलब्धियां



सिवान (उत्तरशक्ति)। बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज प्रखंड क्षेत्र के पोखरा गांव में महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने एक कार्यक्रम मोदी सरकार के 11 साल पूर्ण होने पर एनडीए सरकार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज भारत वैश्विक पटल पर एक शक्ति के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि मिडिल क्लास को मोदी सरकार ने इनकम टैक्स में छूट देकर बड़ी राहत दी है। उन्होंने कहा कि आज भारत इतना सशक्त है कि पूरी दुनिया में किसी भी देश से हथियार खरीद सकता है।

कहा केंद्र की मोदी सरकार ने बीते 11 सालों में सेवा को संकल्प, सुशासन को संस्कृति और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बनाकर भारत को विश्वसनीय शक्ति के रूप में स्थापित किया है। नया भारत आतंक को अब मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। आज हमारा देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर होकर ब्रह्मोस, तेजस, प्रचंड जैसे स्वदेशी शौर्य का निर्माण और निर्यात कर रहा है। डीबीटी के माध्यम से 44 करोड़ रुपए से अधिक की राशि सीधे लाभार्थियों के खाते में पहुंची है। डीबीटी ने बिचौलियों की पूर्ण रूप से समाप्ति कर दी है।25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। 55 करोड़ से अधिक जन धन खाता खुल चुके हैं। टेक्नोलॉजी के माध्यम से पारदर्शिता लाई गई है। सांसद ने आगे कहा प्रत्येक क्षेत्र में विकास हो रहा है। मोदी सरकार द्वारा प्रदर्शन आधारित राजनीति की नई परंपरा की स्थापना की गई है। जनधन, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन, ढट किसान निधि जैसी योजनाओं ने 27 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठने में मदद की है। हमारा देश आज देश की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। मोदी सरकार ने सिर्फ नारे ही नहीं दिए बल्कि जमीनी स्तर पर कार्य कर बड़ा बदलाव लाया है। मौके पर प्रमोद कुमार सीग्रीवाल, माउंटटोबी ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के मेडिको विभाग के सचिव बनारसी भाई, महाराजगंज के नगर मंडल अध्यक्ष अमरजीत सिंह, सीवान जिला पूर्वी के बीजेपी प्रवक्ता सह टीसीए सलाहकार दिलीप कुमार सिंह, अरुण सिंह, मुरधुन पांडे, किशुन देव तिवारी, पूर्व मुखिया रमेश यादव , किशन देव तिवारी , उधो सिंह, भीम सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## आरबीआई ने नीतिगत दर को अपरिवर्तित रखते हुए एक संतुलित नीति पेश की : साक्षी गुप्ता

पटना। बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं के जवाब में, जबकि जीएसटी कटौती से मिलने वाला समर्थन प्रभावी होने लगा है, आरबीआई ने नीतिगत दर को अपरिवर्तित रखते हुए एक संतुलित नीति पेश की। हालांकि केंद्रीय बैंक ने इस नीति में आगे के आंकड़ों की स्पष्टता की प्रतीक्षा में धैर्यपूर्ण रुख अपनाया, लेकिन उसने यह भी माना कि घरेलू मुद्रास्फीति में निरंतर नरमी को देखते हुए नीति में और ढील देने की गुंजाइश बन गई है। उक्त बातें एचडीएफसी बैंक की प्रधान अर्थशास्त्री साक्षी गुप्ता ने अपनी टिप्पणी में कही।

## ईओ बिपिन कुमार ने संभाला महाराजगंज नपं कार्यभार



सिवान (उत्तरशक्ति)। बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज नगर पंचायत के नव पदस्थापित कार्यपालक पदाधिकारी के रुप में विपिन कुमार ने शुक्रवार को अपना कार्यभार ग्रहण किया। नए कार्यपालक पदाधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि क्षेत्र की साफ सफाई, सरकारी योजनाओं को स्थापित करना एवं विकासात्मक कार्यों को जमीन पर लाना उनकी प्राथमिकता में होगी। पदभार ग्रहण के मौके पर नगर पंचायत के बड़ा बाबू प्रत्यूष कुमार उर्फ मनु , सहायक कर्मी अंशु, आदि के अलावे सभी वार्ड सदस्य मौजूद थे।

# TSMH त्रिभुवन सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल

TRIBHVANSINGHMEMORIALHOSPITAL



**डा0 स्पृहा सिंह**
M.B.B.S., MD (Pt. JNM Raipur)
CCEBDM (Diabeties)
जनरल फिजिशियन एवं मधुरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक आपोलो हॉस्पिटल, हैदराबाद

**हृदय रोग एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ**

- वयस्कों में हार्ट, किडनी, शुगर, पेट रोग, लकवा, पैरालाइसिस, निमोनिया,
- लीवर, डेंगू, मलेरिया, टाईफाइड, अस्थमा/दमा, हाईब्लड प्रेशर, मलेरिया,
- डायलसिस, सिजेरियन डिलिवरी, नसों में शून्पन, मस्तिष्क ज्वर, पीलिया,
- हेपेटाईटिस बी., ल्यूकोरिया, खूनी पेचिस, सर दर्द, माइग्रेन, यूरिन इन्फेक्शन
- स्वास व फेफड़ा रोग व अन्य सभी रोगों का इलाज किया जाता है।



**डा0 जयेश सिंह**
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (पीडियाट्रिक्स)
डी.एम. (नियोनेटोलॉजी)
(Fernandez Hospital, Hyderabad)
DASSI (KEM Pune)
ONTOP (AIIMS New Delhi)

**पूर्वाचल के प्रथम व एकमात्र सुपर स्पेशलिस्ट नवजात शिशु व बाल रोग विशेषज्ञ**

- नवजात शिशु का आई.सी.यू. एवं बच्चों के सभी रोगों का इलाज।
- निमोनिया, जन्म पर गन्दा पानी पीने वाले नवजात अत्याधुनिक आई.सी.यू. की सुविधा।
- समय से पूर्व (सतवासे) में पैदा हुए बच्चों का इलाज एवं बच्चों का समस्त टीकाकरण।
- हमारे यहाँ आयुष्मान कार्ड के द्वारा नवजात शिशु व बच्चों के डायलसिस की सुविधा निशुल्क उपलब्ध है।
- इत्यादि समस्त रोगो का इलाज की सुविधा।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना PM-JAY

**आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधाएं**
पता- दिवानी कचहरी, अम्बेडकर तिराहा, जौनपुर (उ0प्र0)

05452356274
07992031213
09026551423

# जीवन रक्षा हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर

JEEVAN RAKSHA





**डा0 नवीन कुमार सिंह**
M.B.B.S., M.S. (Ortho)
हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ

**फ्रैक्चर, गठिया, कमर दर्द, ऑथराइटिस, कूल्हा घुटना प्रत्यारोपण इत्यादि रोगो का इलाज**





**डा0 शिल्पी सिंह**
M.B.B.S., M.S. (Obs & Gyn)
स्त्री रोग विशेषज्ञ

**सिजेरियन डिलीवरी, बच्चेदानी का ऑपरेशन, ट्यूमर का ऑपरेशन, दूरबीन विधि द्वारा, बच्चे की जाँच, नार्मल डिलीवरी इत्यादि रोगो का इलाज किया जाता है।**

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना PM-JAY

**आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधाएं**

**इमरजेन्सी सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध**

24/7 Emergency Services

नया पता- पुलिस चौकी के सामने, सिपाह, आजमगढ़ रोड, जौनपुर (उ0प्र0) 6390303050

SHIFA HOSPITAL

CMO Reg. RMEE. 2341801

# अहमदी मेमोरियल
## शिफा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल





**डॉ0 सुनील कुमार दुबे**
MBBS, MS
(Laproscopic Surgeon) on call)

**डॉ0 अबू फैसल**
MBBS, Ortho PGDS
हड्डी एवं जोड रोग विशेषज्ञ
समय 2 बजे से शाम 4 बजे तक
(बृहस्पतिवार)

**डॉ0 एम के वर्मा**
P.G D.C (Delhi)
(चर्म रोग विशेषज्ञ)
समय- 11 बजे 2 बजे तक (शनिवार)

**डॉ0 मोहम्मद चाँद बागवान**
MBBS, DNB, MD (Lucknow)
शूगर, चेस्ट एंव हृदय रोग विशेष
समय- सुबह 8 बजे 11 बजे तक
(मंगलवार)

**डॉ0 मोहम्मद अब्दुल्लाह**
(दाँत चिकित्सक)
समय - सुबह 9 से 11 बजे तक
(बुद्धवार, रविवार)

**डॉ0 यसीरा अली**
MBBS, MS (obs & Gynae Surgeon)
स्त्री रोग एवं बांझपन विशेषज्ञ (Inferitility)
समय- सुबह 8 बजे से 11 बजे तक
(मंगलवार)

**डॉ0 सना अब्दुल्लाह**
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)
समय - सुबह 9 बजे से 11 बजे तक
(बुद्धवार, रविवार)

**डा0 मोहम्मद अकमल**
(फिजिशियन)
पता- मानीकलां, जौनपुर



डिजिटल एक्सरे, कम्प्यूटराइज़्ड पैथोलॉजी, E.C.G., हृदय रोग विशेषज्ञ, चेस्ट रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, दात चिकित्सक फिजियोथेरापी, डिलेवरी (नार्मल, सिजेरियन) दूरबीन विधि से पित्ताशय में पथरी, अपेंडिस्क, बच्चेदानी, हाइड्रोसील का ऑपरेशन भर्ती की सुविधा।

पता - मानीकलां, जौनपुर | 9451610571, 7380850571

BAJAJ

# ए. एम. बजाज



प्रो अब्दुल माजिद | मानी कलां, गुरैनी रोड, जौनपुर- 222139 | 9621032024, 9651316060, 9621139686



Reg No.: PHY 11957

# सात्विक बाल रोग क्लीनिक
## एवं हड्डी, नस रोग फिजियोथेरेपी सेन्टर



**डा. सविता प्रजापति**
GNM, CCH, BLS Lucknow
(स्त्री रोग विशेषज्ञ
Reg. No. 92365 प्रति दिन



**डा. शकुन्तला**
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)
हर शुक्रवार (जुमा के दिन)

**डा. एस.एस. प्रजापति**
DPT, D. Pharm Lucknow
(फिजियोथेरेपिस्ट, बाल रोग विशेषज्ञ)
प्रति दिन

फीमेल फिजियोथेरेपिस्ट की सुविधा उपलब्ध है।

इमरजेन्सी कि स्थिति में मरीज घर पर देखने की सुविधा उपलब्ध है।

पता- सोंगर मार्केट (भदेठी रोड के सामने) सोंगर, जौनपुर
Mob.: 7275401740, 7388565717


SRS HOSPITAL & TRAUMA CENTRE
एस.आर.एस.
हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
डा. अभय प्रताप सिंह
MBBS (KGMU), DNB(Ortho), MS (Ortho)
UCN, FIJR (Germany), MNAMS
आर्थ्रोस्कोपिक एण्ड ज्वाइंट
रिप्लेसमेन्ट आर्थोपेडिक सर्जन
हड्डी रोग विशेषज्ञ
ओ.पी.डी. प्रतिदिन
डा. आनन्द त्रिपाठी
MBBS, MD, DM (Neuro)
न्यूरो फिजिशियन
ओ.पी.डी. प्रतिदिन
डा. निदा सलाम
CGO
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
ओ.पी.डी. प्रतिदिन
डा. अरविन्द कुमार अग्रहरि
MBBS, MS, MCH (Neuro)
न्यूरो सर्जन
विजिटिंग/ऑन काल
डा. एस.के. मिश्र
MBBS, MS (General Surgeon)
जनरल सर्जरी
विजिटिंग/ऑन काल
डा. चंचला मिश्रा
MBBS, MS (Obs & Gyn.)
स्त्री रोग विशेषज्ञ
विजिटिंग/ऑन काल
डा. राजेश त्रिपाठी
MBBS, MD (Anesthisia)
एनेस्थिसिया रोग विशेषज्ञ
विजिटिंग/ऑन काल
7355 358194
05452- 356555
तेज डायग्नोस्टिक सेन्टर के सामने (पेट्रोल पम्प के बगल में) नईगंज तिराहा, जौनपुर

# अरुणोदय सर्जिकल एण्ड ट्रामा सेन्टर

ARUNODAYA Surgical & Trauma Center



- जनरल सर्जरी
- स्त्री एवं प्रसूति रोग
- आर्थोपेडिक (सर्जरी एवं परामर्श)
- कीमोथिरैपी सुविधा उपलब्ध
- न्यूरो सर्जरी (परामर्श एवं सर्जरी)
- वेन्टिलेटर एवं डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
- प्रशिक्षित डाक्टर स्टाफ तथा सभी मानकों पर खरा उतरने वाला जनपद का एक मात्र हास्पिटल
- दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार की सर्जरी
- जनरल मेडिसिन, मधुमेह रोग
- गुर्दा एवं मूत्र रोग (सर्जरी एवं परामर्श)
- गैस्ट्रोइन्टरोलॉजी (इण्डोस्कोपी एवं कालोनोस्कोपी)
- एक्सीडेण्टल एवं ट्रामा इमरजेन्सी
- सेवा 24 घण्टे उपलब्ध

## डा. अरूण आर. सिंह
कन्सल्टेन्ट लैप्रोस्कोपिक सर्जन
एस.एम.ओ.) एल.टी.एम.एम. जी. एच. (सायन हॉस्पिटल मुम्बई)
स.आर.) एम. जी.एम. मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल (नवी मुम्बई)
रजि.नं.-82945 (यू.पी.एम.सी.)

**डा0 पुनीत सिंह**
M.S.M.C.H.
गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ (यूरो सर्जन)

**डा0 रवि प्रकाश सिंह**
M.S. (Ortho)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

**डा0 प्रभात सिंह**
M.D.( Medicine)
कंसल्टेंट फिजिशियन

**डा0 सुमित कुमार सिंह**
M.D.( Neuro Psychiatrist)
मानसिक रोग विशेषज्ञ

24/7 Emergency Services

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत PM-JAY

बीमा कार्ड धारकों के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध
ADITYA BIRLA GROUP | Medi Assist | STAR Health Insurance

**आयुष्मान कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधाएं**

8090966086, 8090015086
कलीचाबाद, जौनपुर

---

# SALVATION HOSPITAL
# साल्वेशन हॉस्पिटल

A Unit of Salvation Foundation trust, Kandharpur, Jaunpur
The Culture of Care



**पंडित दीनदयाल उपाध्याय**
राज्यकर्मी कैशलेस चिकित्सा योजना संबद्ध अस्पताल

**आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना**
के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पताल
प्रदेश के लगभग 6 करोड़ लोगों के लिए 5 लाख रुपये तक के इलाज पूरी तरह से नि:शुल्क



24/7 Emergency Services
24 घंटे भर्ती की सुविधा

आई.सी.यू. | डायलेसिस | एच.डी.यू.
नेत्र विभाग | अस्थि रोग विभाग
दन्त चिकित्सा | किडनी विभाग
जनरल मेडीसिन | जनरल सर्जरी

## डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव
B.A.M.S.
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)

## डॉ. विवेक श्रीवास्तव
M.D. (Physician, F.G.O.
(APOLO HOSPITAL) P.G.D.S.
Member of Indian Medical
Association UPMCI Rg. No. 95653

नोट- प्रत्येक महीने के दूसरे रविवार को प्रयागराज के गुर्दा रोग विशेषज्ञ डा0 सन्तोष मौर्य (M.D., D.M. Nephro) 12 बजे से 4 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।

कंधरपुर, मुरादगंज, जौनपुर (वाराणसी-लखनऊ न्यू हाइवे के बगल में बाईपास से 400 मीटर की दूरी पर 9138828282, 8686867547

---

# मानी डेन्टल हास्पिटल

**मिलने का समय- सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक प्रत्येक दिन**



सुविधायें-
- बिना दर्द के दाँत निकालना
- दाँत के रंग का मसाला भरना
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों को सुन्दर बनाना
- जबड़े की हड्डी में नकली दाँत लगाना
- बत्तीसी लगाना (complete Denture)
- काउन (कंप) एवं ब्रिज लगवाने की सुविधा
- दाँतों का एक्स-रे (Digital X-Ray)
- बच्चों के मुख एवं दाँतों से सम्बन्धित सभी
- रोगों का इलाज
- दाँतों की ब्लीचिंग
- दाँतों की सफाई व रख-रखाव
- पायरिया का इलाज
- आधुनिक मशीनों द्वारा बिना दर्द के दाँतों की नसों का इलाज (RCT)
- कीड़े लगे दाँतों में दाँत के रंग की लेजर फिलिंग
- गुटखे द्वारा बन्द मुँह का सफल एवं सम्पूर्ण इलाज







## डा0 सुफियान अहमद
डेन्टल सर्जन बी. डी. एस., एम. आई. डी. ए.
9616356786

**पता- नियाज़ शापिंग सेन्टर गुरैनी रोड, मानीकलाँ - जौनपुर**